


हर पल पाठकों के साथ


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


रायपुर और बिलासपुर संस्करण की प्रसार संख्या 3 लाख 74 हजार से ज्यादा

कई इलाकों में सिर्फ हरिभूमि पढ़ा जाता है...

## सत्य...सार्थक...सर्वहित की पत्रकारिता बनी हमारी ताकत

# हरिभूमि छत्तीसगढ़ में नंबर वन

**हरिभूमि न्यूज/रायपुर।** दैनिक हरिभूमि ने एक बार फिर छत्तीसगढ़ में अपना परचम लहराया है। पाठकों के हित में सदैव सार्थक और सत्य की पत्रकारिता करते हुए दैनिक हरिभूमि छत्तीसगढ़ का सबसे ज्यादा प्रसारित समाचार पत्र बन गया है। आडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशन (एबीसी) की जुलाई से दिसंबर, 2024 की रिपोर्ट के अनुसार दैनिक हरिभूमि छत्तीसगढ़ में नंबर वन है। हरिभूमि के रायपुर और बिलासपुर संस्करणों की कुल प्रसार संख्या 3 लाख 74 हजार ▶▶| शेष पेज 6 पर

### लगातार बढ़ रहा है प्रसार

सोशल मीडिया, डिजिटल और टेलीविजन के दौर में भी समाचार पत्र न केवल पाठकों के दिलों में जगह बनाए हुए हैं बल्कि लगातार बढ़ता प्रसार यह साबित कर रहा है कि लोगों को अभी भी अखबार की खबरें ही प्रमाणिक और भरोसेमंद लगती हैं। जनवरी से जून 2024 में रायपुर संस्करण की प्रसार संख्या 2 लाख 31 हजार 73 थी जो ▶▶| शेष पेज 6 पर

- भास्कर 2 लाख 61 हजार प्रतियों के साथ छत्तीसगढ़ में दूसरे स्थान पर
- पत्रिका की प्रसार संख्या 1 लाख 30 हजार, हरिभूमि से 2 लाख 44 हजार कम

### रायपुर-प्रसार संख्या

- दैनिक हरिभूमि-2 लाख 40 हजार 474
- दैनिक भास्कर-1 लाख 91 हजार 291
- पत्रिका- 92 हजार 894

### बिलासपुर प्रसार संख्या

- दैनिक हरिभूमि- 1 लाख 34 हजार 430
- दैनिक भास्कर -70 हजार 400
- पत्रिका- 37 हजार 951

*हरिभूमि स्थानीय हितों, पाठकों के सुख-दुख और हमेशा सच के साथ रहता आया*

---

कहीं पोते-पोतियों ने हल किए सवाल तो कहीं एक ही उत्तरपुस्तिका में दो तरह की हैंडराइटिंग

# निरक्षर से साक्षर बनने का ऐसा क्रेज... सर्टिफिकेट पाने 90 बरस की दादी ने भी की नकल !

**साक्षरता अभियान : 509910 में पहुंचे 4 लाख 15 हजार परीक्षा दिलाने**

### केस 1

शासकीय प्राथमिक शाला संजय नगर में परीक्षार्थी एक-दूसरे की उत्तरपुस्तिका देखकर उत्तर लिख रहे थे। यही नहीं, परीक्षार्थियों संग पहुंचे बच्चे भी अपने दादा-दादी की मदद पर्चे हल करने में कर रहे थे। यहां कुछ परीक्षार्थियों की उत्तरपुस्तिका में अलग-अलग तरह की हैंडराइटिंग देखने को मिली।

### केस 2

'हम का जानबो, कतका साल होगे हों तेला? 100-115 के पार तो हो गे होंहू।' ये कहना था शासकीय प्राथमिक शाला फुंडहर में परीक्षा दिलाने पहुंची एक बुजुर्ग महिला का। उन्होंने बताया कि उन्हें गाड़ी भेजकर केंद्र लाया गया है और प्रश्नों के उत्तर लिखने में शिक्षकों ने मदद भी की है। शासकीय प्राथमिक शाला पुरैना, चंगोराभाठा, खम्तराई सहित शहर में बनाए गए अन्य परीक्षा केंद्रों में भी इसी तरह की स्थिति रही। कई जगह प्रौढ़ परीक्षार्थी एक-दूसरे से उत्तरपुस्तिका ही लेकर अपना पर्चा हल करने बैठ गए।

### केस 3

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के अंतर्गत आने वाले मटेवा, ककईपार, दुग्गाटोला, अडमागोंदी में बुजुर्ग महिला-पुरुष परीक्षा के नाम पर सिर्फ अपनी उपस्थिति प्रदान करने परीक्षा केंद्रों में पहुंचे हुए थे। परीक्षा दे रहे परीक्षार्थियों से बात करने पर उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि काला अक्षर भैंस बराबर। उन्हें ना पढ़ने आता है ना लिखना। ऐसे में वह क्या लिखेंगे? इसलिए उनके बच्चे या स्कूल के छात्र-छात्राएं शिक्षक-शिक्षिकाएं उनका प्रश्न पत्र हल कर रहे हैं।


*ऊंची डिग्रियां किसे अच्छी नहीं लगती? नौकरी लगने के बाद भी लोग डिग्री की चाह में पढ़ाई करते रहते हैं। डिग्री और सर्टिफिकेट को लेकर कुछ ऐसी ही दीवानगी बुजुर्गों में देखी गई, जो साक्षर होने का सर्टिफिकेट हासिल करने 'महापरीक्षा' में पहुंचे थे। यह महापरीक्षा साक्षरता अभियान के अंतर्गत निरक्षर प्रौढ़ों के लिए आयोजित की गई थी। इसमें 40-50 वर्षीय महिला-पुरुष से लेकर 80-90 वर्षीय दादी भी पहुंची।*




*रायपुर- रुचि वर्मा, बिलासपुर-विकास चौबे, तखतपुर-टेकचंद कारडा, जांजगीर-अभिषेक शुक्ला, कोरबा- अरविंद पांडेय, राजनांदगांव- हफीज खान, बेमेतरा-अमीन पप्पू रवानी और मोहला-एनिशपुरी गोस्वामी की विशेष रिपोर्ट*

साक्षर होने का ऐसा क्रेज उनमें देखा कि वे इसमें उत्तीर्ण होने के लिए नकल करते हुए भी दिखीं। इस महापरीक्षा का जायजा लेने जब हरिभूमि की टीम स्कूलों में पहुंची तो कई तरह के नजारे देखने को मिले। रायपुर शहर में 17 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। ना सिर्फ रायपुर बल्कि बिलासपुर सहित अन्य शहरों में भी यही स्थिति रही। विभाग के अनुसार, 509910 में से 4 लाख 15 हजार परीक्षा ▶▶| शेष पेज 6 पर

एक ही उत्तर पुस्तिका, लिखावट अलग-अलग





संजय नगर सेंटर की एक कॉपी

### बिलासपुर : नाम तक नहीं लिख सके, अधिकारियों ने हल कराए पर्चे

बिलासपुर में असाक्षरों को साक्षर करने के लिए रविवार को ली गई परीक्षा औपचारिक ही साबित हुई। प्रशासन दावा कर रहा है कि बिलासपुर जिले में 95 फीसदी परीक्षार्थी पहुंचे थे लेकिन मौके पर अधिकतर सेंटर खाली ही रहे। परीक्षा देने पहुंचे प्रौढ़ परीक्षार्थी भी खाली ही बैठे रहे और कुछ समय बाद चले भी गए। इनकी उपस्थिति हालांकि जरूर दर्ज कर ली गई। कई सेंटरों में परीक्षा देने पहुंचे प्रौढ़ परीक्षार्थियों को नाम तक लिखना नहीं आ रहा था। केन्द्र में मौजूद अधिकारियों ने इन वृद्ध असाक्षरों को प्रश्न पत्र हल कराया। सेंट्रल जेल बिलासपुर में 142 बंदी असाक्षर हैं। इन्हें जेल के ही कुछ पढ़े लिखे बंदियों ने पढ़ाया और इन्होंने रविवार को परीक्षा दी।




तखतपुर। देवरानी जेठानी परीक्षा दिलाते।

### कोरबा : टारगेट 25 हजार का, 10 हजार भी नहीं पहुंचे

कोरबा में शहर के स्कूलों को केंद्र नहीं बनाया गया था। ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में उपस्थिति कम रही। सुबह 10 बजे से 5 बजे तक परीक्षा का समय तय था, शाम 4.30 बजे तक परीक्षा चली जिसमें उपस्थित 10 हजार भी नहीं पहुंची जबकि टारगेट 25 हजार से अधिक का था। सबसे ज्यादा परिक्षार्थी पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक में बैठे। अधिकारियों के मुताबिक शहरी और ग्रामीण अंचलों में सर्वे रिपोर्ट में 40 हजार जिलेभर ▶▶| शेष पेज 6 पर

### नवनिर्वाचित महिला सरपंच ने भी भाग लेकर परीक्षा दी

**बेमेतरा।** बेमेतरा में उल्लास साक्षरता परीक्षा अभियान में कई रोचक किस्से सामने आए। इस अभियान में जहां एक साथ बैठ कर सास-बहू, देवरानी-जेठानी, पति-पत्नी ने साक्षर होने परीक्षा दिलाई। वहीं, दूसरी ओर नवनिर्वाचित महिला सरपंच ने भी भाग लेकर परीक्षा दी। जिले में 6 हजार 567 उल्लास साक्षरता यहां परीक्षा अभियान में महिला पुरुष शामिल हुए। शासकीय प्राथमिक शाला अकोला विकासखंड साजा ▶▶| शेष पेज 6 पर

**विवाह के 52 साल पति-पत्नी एक साथ हुए साक्षर:** बिलासपुर के तखतपुर ब्लाक में के ग्राम दैजा में पति-पत्नी जिनकी उम्र 60 वर्ष से अधिक थी वे परीक्षा दे रहे थे। पति लाला चतुर्वेदानीए इनकी पत्नि सुंदर बाई और संतोष कुमार कोशले और उनकी पत्नि बड़कइया कोसले एक साथ परीक्षा दे रहीं थीं। वहीं जेठानी बिरीज बाई लहरे, इनकी दो देवरानी तिजन बाई लहरे और सरस्वती बाई लहरे तीनों एक साथ परीक्षा केंद्र में परीक्षा दिला रही थी।

### मदद के लिए थे

*परीक्षार्थियों को मदद करने के लिए वालंटियर व छात्र-छात्राएं मौजूद थे। किसी भी सेंटर मे परीक्षार्थियों का पेपर अन्य द्वारा नहीं बनाया गया है। इस तरह की कोई भी शिकायत नहीं है।*
*- **फत्तेलाल कोसरिया**, जिला शिक्षा अधिकारी, मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी*






## पहले ब्लास्ट, फिर बरसाई गोलियां, 3 जवान घायल



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

बीजापुर जिले के भोपालपटनम मार्ग मद्देड़ के करीब गोरला नाला के पास जवानों के पिकअप वाहन को निशाना बनाते हुए आईईडी ब्लास्ट किया। इस हमले के बाद फायरिंग में कुछ जवान घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हालांकि नक्सलियों ने पिकअप वाहन को निशाना बनाने ब्लास्ट किया, लेकिन तब तक पिकअप वाहन आगे बढ़ चुकी थी। जिससे अधिक नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन ब्लास्ट के बाद नक्सलियों द्वारा किए गए फायरिंग में कुछ जवानों के घायल होने की खबर है, उनकी हालत खतरे से बाहर है। हमले के बाद तत्काल जवानों ने मोर्चा सभांलते हुए जवाबी कार्रवाई की। हमले के बाद घटनास्थल के लिए बैकअप ▶▶| शेष पेज 6 पर

### चपेट में नहीं आई गाड़ी पहले हो गया ब्लास्ट

जानकारी के मुताबिक यह हमला तब हुआ, जब जवान बीजापुर से भोपालपटनम की ओर जा रहे थे। हमले के बाद इलाके में सर्च आपरेशन तेज कर दिया गया है। नक्सलियों ने नेशनल हाईवे पर आईईडी ब्लास्ट किया, तब वाहन में लगभग एक दर्जन सवार थे, लेकिन ब्लास्ट पहले होने से पिकअप वाहन आईईडी की चपेट में नहीं आया, नहीं तो अधिक नुकसान की संभावना थी।




श्रीमती द्रौपदी मुर्मु
माननीय राष्ट्रपति, भारत
छत्तीसगढ़ विधानसभा के
"रजत जयंती वर्ष"
के अवसर पर
छत्तीसगढ़ आगमन पर
हार्दिक स्वागत
एवं अभिनंदन
हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें
हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे
ChhattisgarhCMO
DPRChhattisgarh
www.dprcg.gov.in
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## इन राज्यों में बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग के अनुसार पूर्वी मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, बिहार, झारखंड, ओडिशा, केरल, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और आंतरिक कर्नाटक में जमकर बारिश होगी। साथ ही आंधी तूफान वाली हवाओं के साथ मेघ गर्जन की संभावना जताई गई है। इसके अलावा अगले 24 घंटे में ओडिशा के कुछ इलाकों, दक्षिण तमिलनाडु, केरल और माहे में भारी बारिश की संभावना है। वहीं, पूर्वी बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और दक्षिण आंतरिक कर्नाटक में मूसलाधार बारिश की संभावना है।

# छत्तीसगढ़ समेत 17 राज्यों में बारिश का अलर्ट, कोरबा में गाज गिरी, दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/ बिलासपुर/ नई दिल्ली

गर्मी के दिनों में मौसम ने अचानक करवट ले ली। पिछले दो दिनों से छत्तीसगढ़ समेत देश के कई राज्यों में बारिश, आंधी और ओला गिरने की खबर है। रविवार को राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के कई इलाकों में बारिश हुई। कोरबा में आकाशीय बिजली गिरी जिसकी जद में आने से 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें दो लोगों की मौत हो गई। ओडिशा में भी बारिश और बिजली से दो लोगों के मौत की खबर है। इस बीच, मौसम विभाग ने देश के 17 राज्यों में आंधी-बारिश की संभावना जताई है।

- ओडिशा में बारिश और बिजली गिरने से दो की गई जान
- राजनांदगांव रहा सबसे गर्म, पारा 37 .5 डिग्री



### राजधानी में हुई बारिश

राजधानी में शनिवार की रात में कहीं-कहीं बूंदबांदी हुई। रविवार की सुबह बारिश हुई और दिनभर बादल छाए रहे इसलिए अधिकतम तापमान 35 डिग्री रहा। यह सामान्य से 2 डिग्री कम है। बादल व बारिश के कारण प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में भीषण गर्मी से राहत मिली है। राजनांदगांव सबसे गर्म रहा। वहां पारा 37.5 डिग्री रहा।

मौसम विभाग ने कहा कि ओडिशा में अगले 24 घंटों में जगतसिंहपुर, कटक, ढेंकनाल, अंगुल, देवगढ़ और सुंदरगढ़ जिलों में कुछ स्थानों पर तेज हवाओं के साथ बिजली और ओले गिरने की संभावना है। इस दौरान बालासोर, भद्रक, जाजपुर, केंद्रपाड़ा, मयूरभंज और क्योंझर जिलों में एक या दो स्थानों पर भारी बारिश (7 से 11 सेमी) और बिजली के साथ तूफान आ सकता है। मौसम विभाग ने 2025 में भी सामान्य से अधिक गर्मी रहने का अनुमान जताया है। ये हालात हीटवेव की गंभीरता दिखा रहे हैं।

द्रोणिका व ऊपरी हवा के चक्रवात ▶▶|शेष पेज 6 पर

## 45 बॉल में किशन का कोहराम जड़ा पहला ऐतिहासिक शतक



**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद के लिए डेब्यू मैच में ही ईशान किशन ने कोहराम मचाते हुए ऐतिहासिक शतक जड़ दिया है। आईपीएल के 18वें सीजन के दूसरे मैच में किशन ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 45 गेंद में 100 रन ठोककर खलबली मचा दी। उन्होंने मैच में कुल 47 गेंदों पर नाबाद 106 रनों की पारी खेली। आईपीएल में ईशान किशन का यह अपना पहला शतक है। साथ ही वो सनराइजर्स हैदराबाद के लिए आईपीएल में शतक लगाने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। इसके अलावा इस आईपीएल सीजन 2025 का यह ओवरऑल पहला शतक है।

47 गेंद | 106 रन

आईपीएल 18

### मैच में लगीं 46 बाउंड्री

इस मुकाबले में हैदराबाद के बल्लेबाजों ने कुल 46 बाउंड्री लगाईं। ईशान किशन ने 11 चौके, 6 छक्के तो ट्रेविस हेड ने 9 चौके और 3 छक्के लगाए। यह आईपीएल में एक मैच में सबसे ज्यादा बाउंड्री हैं। इससे पहले आईपीएल के एक मैच में 42 बाउंड्री लगी थीं।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पुलिया से टकराई एसयूवी दो महिला डॉक्टरों की मौत

**शिवपुरी।** मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले में एसयूवी के पुलिया से टकरा जाने के कारण दो महिला



चिकित्सकों की मौत हो गई। चार अन्य घायल हो गए। दुर्घटना में तन्वी आचार्य (50) की मौके पर ही मौत हो गई और घायल नीलम पंडित (55) ने बाद में दम तोड़ दिया।

### श्रीरामकुमार को संगीत कलानिधि पुरस्कार

**चेन्नई।** संगीत अकादमी ने 2025 के लिए वायलिन वादक आर के



श्रीरामकुमार को प्रतिष्ठित संगीत कलानिधि पुरस्कार देने की घोषणा की। भरतनाट्यम कलाकार उर्मिला सत्यनारायण को नृत्य कलानिधि पुरस्कार के लिए चुना गया है।

### तुगलक रोड पर सफाई करने पहुंची एनडीएमसी की टीम, उसी ने देखे नोट के बंडल

# पहले घर के अंदर, अब बाहर अधजले नोट कोर्ट ने जस्टिस वर्मा की मांगी कॉल डिटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा का आवास लुटियंस दिल्ली के तुगलक रोड पर है। इस आवास में 14 मार्च को जब आग लगी तो फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम पहुंची थी। घर के अंदर जिस स्टोर रूम में आग लगी थी, वहां अधिकारी पहुंचे तो हैरान रह गए, क्योंकि वहां बोरियों में नोटों के बंडल देखे गए थे। इनमें कुछ नोट जल गए थे। रविवार को जब एनएमडीसी की टीम इस इलाके में सफाई करने पहुंची तो जस्टिस वर्मा के आवास के बाहर जले नोट के अवशेष मिले हैं. विजुअल में साफ देखा गया कि मलबे में 500 रुपए के जले नोट भी अवशेष के तौर पर पड़े थे। इधर, हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय ने सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस (सीजेआई) के निर्देश पर जस्टिस वर्मा को अपने फोन के सभी रिकॉर्ड सुरक्षित रखने को कहा है। इसमें बातचीत, मैसेज और डेटा शामिल हैं, क्योंकि उनके इर्द-गिर्द विवाद लगातार सामने आ रहा है। ▶▶|शेष पेज 6 पर

*दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। उनके घर के बाहर भी अधजले नोट मिले हैं, उन नोटों के बंडल ने फिर उन पर कई सवाल उठा दिए हैं। असल में जब एनडीएमसी की टीम रविवार सुबह उनके घर के बाहर पहुंची तो सफाई के दौरान जले हुए नोट के अवशेष मिल गए। उनके घर के बाहर से जले नोटों के बंडल की तस्वीरें सामने आई हैं। मलबा भी जला पड़ा मिला है। इसमें जले नोट भी देखने को मिले हैं।*

### मोबाइल चैट और डेटा को न हटाया जाए

हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय ने सुप्रीम कोर्ट को सौंपे रिपोर्ट में कहा कि न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के पिछले छह महीने के फोन कॉल डिटेल की जानकारी प्राप्त करने के संबंध में पुलिस आयुक्त को पत्र लिखा गया है। उनसे एक सितंबर 2024 से अब तक की जानकारी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। न्यायमूर्ति वर्मा से अनुरोध किया गया है कि वे अपना मोबाइल फोन नष्ट न करें और साथ ही किसी भी चैट, संदेश या डेटा को डिलीट या संशोधित न करें।

### एक दिन पहले सार्वजनिक की कैशकांड पर रिपोर्ट





### इलाहाबाद हाईकोर्ट में ट्रांसफर पर विवाद

इस बीच, जस्टिस वर्मा का इलाहाबाद हाई कोर्ट में ट्रांसफर पर विवाद भी होने लगा है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने कई सवाल उठाए हैं।

### जस्टिस वर्मा ने आरोपों की निंदा की

इधर, अपने जवाब में जस्टिस यशवंत वर्मा ने नकदी बरामदगी विवाद में आरोपों की कड़ी निंदा की है। कहा है कि उनके या उनके परिवार के किसी भी सदस्य द्वारा 'स्टोररूम' में कभी भी कोई नकदी नहीं रखी गई। दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को सौंपे गए अपने जवाब में, न्यायमूर्ति वर्मा ने कहा कि उनके आवास से नकदी बरामदगी का आरोप स्पष्ट रूप से उन्हें फंसाने और बदनाम करने की साजिश प्रतीत होता है। न्यायमूर्ति वर्मा ने मुख्य न्यायाधीश उपाध्याय को लिखे अपने जवाब में कहा, हाईकोर्ट के अतिथि गृह में बैठक के दौरान मुझे सबसे पहले वीडियो और अन्य तस्वीरें दिखाई गईं, जिन्हें पुलिस आयुक्त ने आपके साथ शेयर किया। वीडियो की सामग्री देखकर मैं पूरी तरह से चौंक गया क्योंकि उसमें कुछ ऐसा दिखाया गया था जो मौके पर नहीं मिला था, जैसा कि मैंने देखा था। वर्मा ने जवाब में कहा, इसी वजह से यह स्पष्ट रूप से मुझे फंसाने और बदनाम करने की साजिश है।

### 14 पोर्टफोलियो जज नियुक्त

## न्यायमूर्ति रजनी दुबे को रायपुर का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के 14 जजों को पोर्टफोलियो जज के रूप में नियुक्त किया है। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। पोर्टफोलियो जजों को जिन जिलों की जिम्मेदारी दी गई है वहां के न्यायिक व्यवस्थाओं के अलावा प्रशासनिक कामकाज पर निगरानी रखेंगे। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल के विनोद कुजूर ने अधिसूचना जारी कर हाई कोर्ट के 14 जजों के नाम की सूची और उनके आगे प्रभार वाले जिले का नाम भी जारी किया है। जारी सूची में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति जस्टिस संजय के अग्रवाल को रायगढ़, धमतरी कोरबा के अलावा जांजगीर-चांपा, न्यायमूर्ति पार्थ प्रतीम साहू को बिलासपुर, न्यायमूर्ति रजनी दुबे को रायपुर, कबीरधाम (कवर्धा), न्यायमूर्ति नरेन्द्र कुमार व्यास को दुर्ग और बालोद, न्यायमूर्ति नरेश कुमार चंद्रवंशी को बेमेतरा एवं महासमुंद, न्यायमूर्ति दीपक कुमार तिवारी को राजनांदगांव एवं कोरिया ▶▶|शेष पेज 6 पर



- जिला एवं सत्र न्यायालय का समय-समय पर निरीक्षण करेंगे

### बार और बेंच के बीच समन्वय स्थापित करेंगे

जारी अधिसूचना के निसार पोर्टफोलियो जज अपने प्रभार वाले जिले के जिला एवं सत्र न्यायालय का समय-समय पर निरीक्षण करेंगे। इस दौरान न्यायालयीन अधिकारियों के साथ ही अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों से मुलाकात करेंगे। न्यायदान की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के साथ ही किसी तरह की व्यवहारिक व तकनीकी दिक्कतों को दूर करने की कोशिश भी करेंगे। ▶▶|शेष पेज 6 पर

### रायपुर के बाद जाएंगी ओडिशा

## राष्ट्रपति मुर्मू आज छग आएंगी, विस में संबोधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 24 मार्च सोमवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा में विधायकों को संबोधित करेंगी। खास बात ये है कि राष्ट्रपति का यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ राज्य गठन के रजत जयंती वर्ष में आयोजित हो रहा है। इस कार्यक्रम के लिए विधानसभा सचिवालय में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। राष्ट्रपति का रायपुर प्रवास दो घंटे का होगा। इसके बाद वे ओडिशा के लिए रवाना हो जाएंगी।

**आज सुबह होगा आगमन:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सुबह करीब 10.30 बजे रायपुर के स्वामी विवेकानंद हवाई अड्डे पर पहुंचेंगी। हवाई अड्डे पर ▶▶|शेष पेज 6 पर



### राष्ट्रपति का दौरा दो घंटे का

राष्ट्रपति का यह दौरा लगभग दो घंटे का होगा। विधानसभा में कार्यक्रम समाप्त करने के बाद वे दोपहर 12.30 बजे के आसपास हवाई अड्डे के लिए प्रस्थान करेंगी। उनके प्रवास के दौरान रायपुर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने यातायात नियंत्रण, पार्किंग व्यवस्था और आपातकालीन सेवाओं को लेकर व्यापक तैयारियां की हैं। राष्ट्रपति की ▶▶|शेष पेज 6 पर

## देश में छत्तीसगढ़ में ही रचा गया था इतिहास, पहली बार विधानसभा में आए थे राष्ट्रपति कलाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देश के इतिहास में 28 जनवरी 2004 का वह दिन एक नए अध्याय का था, जब छत्तीसगढ़ विधानसभा में पहली बार देश के राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम पहुंचे थे। उन्होंने यहां पर विधायकों को संबोधित किया था। इसके पहले कभी भी कोई भी राष्ट्रपति किसी विधानसभा में नहीं गए थे। छत्तीसगढ़ विधानसभा के उस समय के विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय बताते हैं, छत्तीसगढ़ विधानसभा में राष्ट्रपति के आने का जो क्रम प्रारंभ हुआ, वह अब तक चल रहा है। छत्तीसगढ़ के बाद ही राष्ट्रपति बिहार और मप्र की विधानसभा में ▶▶|शेष पेज 6 पर

अलग खबर



28 जनवरी 2004 को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने विधायकों को किया था संबोधित

### छत्तीसगढ़ के आमंत्रण पर आए कलाम

तत्कालीन छत्तीसगढ़ सरकार के आमंत्रण पर राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने छत्तीसगढ़ विधानसभा में आना मंजूर किया। यह एक बड़ी बात थी, इसके पहले कभी भी कोई राष्ट्रपति किसी भी विधानसभा में नहीं गए थे और ▶▶|शेष पेज 6 पर

### छग ने रचा इतिहासः पांडेय

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय बताते हैं, किसी राष्ट्रपति का किसी राज्य की विधानसभा में आना, यह संभव नहीं था, लेकिन छत्तीसगढ़ की विधानसभा ने इसे संभव कर दिखाया। हमारी सरकार के आमंत्रण पर तब राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम यहां आए थे और उन्होंने विधायकों को संबोधित किया था। उस समय डॉ. रमन सिंह मुख्यमंत्री थे। तब विधानसभा में पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी ▶▶|शेष पेज 6 पर


### चारधाम यात्रा के लिए चल रही तैयारी

## 3 दिन में 5 लाख से ज्यादा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

एजेंसी ▶▶| देहरादून

उत्तराखंड चारधाम यात्रा के कपाटों के खुलने की तारीखों का ऐलान हो चुका है। चारों धामों के कपाटों की तारीखों के खुलने के ऐलान के साथ ही उत्तराखंड सरकार की तैयारियां भी पूरी जोरों पर चल रहीं हैं। चारधाम और हेमकुंड साहिब यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन का आंकड़ा 5 लाख के पार पहुंच गया है।

पर्यटन विकास परिषद की ओर से जारी डेटा के अनुसार, यमुनोत्री के लिए 93,803, गंगोत्री के लिए 96,445, केदारनाथ के लिए 1 लाख 66 हजार 576 और बदरीनाथ धाम के लिए 1.55 लाख 46 के रजिस्ट्रेशन हुए है।



### चारधाम के कपाट खुलने की तारीखों का ऐलान

उत्तराखंड चारधाम यात्रा के लिए धामों के कपाट खुलने की तारीखों क ऐलान हो चुका है। भगवान 'भोले' को समर्पित केदारनाथ धाम के कपाट 2 मई को खोले जाएंगे। चमोली जिले में स्थित बदरीनाथ धाम के कपाट 4 मई को खुलेंगे। उत्तरकाशी जिले में स्थित गंगोत्री और यमुनोत्री धामों के कपाट 30 अप्रैल को दर्शनार्थ खोले जाएंगे, जबकि श्री हेमकुंड साहिब के कपाट 25 मई को खुलेंगे।



## खबर संक्षेप

### सीएम साय बोले- शुक्लजी ने बढ़ाया छत्तीसगढ़ का मान

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रविवार को राजधानी रायपुर स्थित वरिष्ठ साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल के निवास पहुंचकर उनसे मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री



शुक्ल को ज्ञानपीठ सम्मान देने की घोषणा पर उन्हें हार्दिक बधाई दी। मुख्यमंत्री ने श्री शुक्ल से कहा, आपने छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी प्रदेशवासियों की तरफ से श्री शुक्ल का सम्मान करते हुए उन्हें शॉल-श्रीफल तथा बस्तर आर्ट का प्रतीक चिन्ह नंदी भेंट किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री शुक्ल से कहा, साहित्य के क्षेत्र में आपके विशिष्ट योगदान पर आपको देश का सबसे प्रतिष्ठित ज्ञानपीठ सम्मान दिए जाने की घोषणा से पूरा प्रदेश गौरवान्वित अनुभव कर रहा है। यह मेरा सौभाग्य है कि आज खुशी के इस पल में आपसे भेंट करने का मुझे अवसर मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने उनका कुशलक्षेम पूछते हुए उनके स्वास्थ्य के विषय में जानकारी ली। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आप राजनांदगांव के रहने वाले हैं। नांदगांव छत्तीसगढ़ की संस्कारधानी है। वहां गजानन माधव मुक्तिबोध, डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी और बलदेव प्रसाद मिश्र जैसे साहित्यकारों ने अपनी साहित्य साधना की है। मुख्यमंत्री द्वारा राजनांदगांव का जिक्र किए जाने पर श्री शुक्ल ने अपने बचपन की नांदगांव की स्मृतियां उनके साथ साझा की। श्री शुक्ल ने कहा कि मेरा जन्म राजनांदगांव में हुआ। बचपन का वह नांदगांव आज भी मेरे मन पर छाया हुआ है। मैं आज भी वहां जाता हूं तो उसी नांदगांव को ढूंढने की कोशिश करता हूं, मगर अब समय के साथ काफी बदलाव आ गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज झा, मुख्यमंत्री के प्रेस अधिकारी आलोक सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, जनसंपर्क आयुक्त रवि मित्तल मौजूद रहे।

### मनरेगा कर्मियों को वेतन के लाले, 5 माह से नहीं मिला मेहनताना, 26 से करेंगे हड़ताल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ के आव्हान पर प्रदेशभर के 12 हजार मनरेगा कर्मचारी अपनी 4 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल करेंगे। कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें 5 माह से वेतन नहीं मिला है। ऐसी दशा में कर्मचारियों को आर्थिक और मानसिक परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। लामबंद मनरेगा कर्मचारी 26 और 27 मार्च को जिलास्तरीय और 28 मार्च को प्रदेशस्तरीय आंदोलन कर ज्ञापन सौंपेंगे। नियमितीकरण सहित चार सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेशभर के मनरेगा कर्मचारियों ने शासन के खिलाफ मोर्चा दिया है। छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अजय क्षत्री ने हरिभूमि को बताया कि 19 साल से सेवा देने के बाद भी मानव संसाधन नीति नहीं बनी है। जबकि छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य राज्यों में मनरेगा कर्मचारियों को कई तरह की सुविधाएं दी जा रही हैं। 12 हजार मनरेगा कर्मचारियों को 5 माह से वेतन नहीं मिला है, जिसके कारण इन कर्मचारियों के बच्चों के स्कूली फीस, बीमार परिजन के इलाज का खर्च और दैनिक उपयोग की सामग्री खरीदने में दिक्कत हो रही है। आर्थिक तंगी और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा थोपे गए अतिरिक्त कार्यों से मानसिक तनाव की स्थिति में महासंघ के आव्हान पर प्रदेशभर के मनरेगा कर्मचारी तीन दिवसीय हड़ताल पर रहेंगे। **4 सूत्रीय मांगें इस तरह-** 0 नियमिती करण की प्रक्रिया पूरी होने तक मनरेगा कर्मचारियों की सेवा एवं सामाजिक सुरक्षा के लिए मानव संसाधन नीति तत्काल लागू की जाए। 0 पूर्व में की गई हड़ताल अवधि का वेतन, मानदेय तत्काल प्रदान किया जाए। 0 5 माह से लंबित वेतन का शीघ्र भुगतान करने की मांग 0 मनरेगा कर्मचारियों से केंद्र व राज्य शासन के निर्देश अनुसार महात्मा गांधी रोजगार योजना के अलावा अन्य कोई कार्य न लिया जाए।

# उद्योगों में अब हड़ताल करना आसान नहीं, 42 दिन पहले देनी होगी सूचना, तालाबंदी भी मुश्किल

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

### सरकार ने विधानसभा में पारित कराया है नया संशोधन राज्यपाल की अनुमति के बाद प्रदेश में होगा लागू

छत्तीसगढ़ के उद्योगों, कारखानों में काम करने वाले श्रमिक किसी भी समय अपनी मांगों, समस्याओं को लेकर हड़ताल पर नहीं जा सकेंगे। अगर कोई मसला, समस्या हो तो भी श्रमिकों को उद्योग या कारखाना प्रबंधन को छह सप्ताह यानी 42 दिन पहले सूचना देनी होगी। साथ ही अब उद्योग संचालक किसी भी समय अपने उद्योग में तालाबंदी नहीं कर सकेंगे। राज्य सरकार ने यह नियम लागू करने के लिए छत्तीसगढ़ श्रम कानून संशोधन और विविध प्रावधान विधेयक 2025 को विधानसभा से पारित कराया है। विधेयक को राज्यपाल की अनुमति मिलने के बाद यह राज्य में लागू हो जाएगा।

राज्य सरकार ने यह नई व्यवस्था लागू करने के लिए औद्योगिक विवाद अधिनियम में बदलाव किया है, हड़ताल और तालाबंदी पर प्रतिषेध। इसके तहत लोक उपयोगी सेवा में नियोजित किसी भी व्यक्ति द्वारा हड़ताल करने के पूर्व के छह सप्ताह के भीतर हड़ताल की सूचना नियोजक (उद्योग-कारखाना प्रबंधन) को देनी होगी। साथ ही इस तरह की सूचना देने के 14 दिन के भीतर या किसी हड़ताल की



तारीख से पहले सुलह अधिकारी के समक्ष किन्ही सुलह कार्यवाहियों के लंबित रहने के और ऐसी कार्यवाहियों की समाप्ति के सात दिनों के दौरान हड़ताल नहीं कर सकते।

इस संशोधन में यह भी प्रावधान किया गया है कि किसी लोक उपयोगी सेवा को चलाने वाला यानी उद्योग संचालक या कारखाना संचालक को अपने संस्थान में तालाबंदी करने के पहले छह सप्ताह के भीतर तालाबंदी की सूचना संबंधित कर्मकार को देनी होगी। ऐसी सूचना देने के चौदह दिनों के भीतर या या तालाबंदी की तारीख के अवसान से पहले सुलह अधिकारी के समक्ष की किन्ही सुलह कार्यवाहियों के लंबित रहने और ऐसी कार्यवाहियों की समाप्ति के बाद सात दिन के दौरान अपने किसी भी कर्मकार के प्रति तालाबंदी नहीं करेगा। विधेयक में कहा गया है कि यह कानून ऐसे औद्योगिक स्थापन को, जो मौसमी प्रकार का नहीं है, या ऐसा स्थापन नहीं है, जिसमें काम केवल आंतरायिक रूप से होता है, लागू होंगे। जिसमें पूर्ववर्ती बारह मास में प्रति कार्यदिवस को औसतन कम से कम सौ कर्मकार नियोजित होते हैं। छत्तीसगढ़ विधानसभा ने अपने हालिया बजट सत्र में छत्तीसगढ़ श्रम कानून संशोधन और विविध प्रावधान विधेयक 2025 को मंजूरी दे दी है, जो राज्य के श्रम कानूनों और कारखाना अधिनियम में महत्वपूर्ण संशोधनों के साथ औद्योगिक विकास और श्रमिक कल्याण के बीच संतुलन स्थापित करने का प्रयास करता है।

### कारखाना संचालकों को राहत भी

इस विधेयक के प्रमुख उपबंधों में कारखाना अधिनियम के तहत पंजीयन नियमों में ढील दी गई है। अब कारखानों के पंजीयन में चूक होने पर संचालकों को जेल की सजा नहीं भुगतनी पड़ेगी, बल्कि केवल जुर्माना देना होगा। यह संशोधन छोटे और मंझोले उद्यमियों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है, क्योंकि पहले कठोर दंड के डर से कई उद्योग शुरू करने में हिचकते थे। सरकार का मानना है कि यह कदम व्यवसाय करने की सुगमता को बढ़ाएगा और राज्य में निवेश को प्रोत्साहन देगा।

### अभियान से सफलता: 143 गिरफ्तार एवं 82 मुठभेड़ में मारे गए

# 22 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण अब तक 107 ने छोड़ा नक्सलवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

आत्मसमर्पित माओवादी में आयतू पुनेम उर्फ गट्टा पिता सोमलू उम्र 26 वर्ष कोरसागुडा स्कूलपारा थाना बासागुड़ा ईनाम 2 लाख, पाण्डू कुंजाम पिता मंगू कुंजाम उम्र 18 वर्ष कोण्डापल्ली कुम्हारपारा थाना तर्रेम पद प्लाटून नं. 9 का पार्टी सदस्य ईनाम राशि 2 लाख, कोसी तामो पिता मंगलू उम्र 20 वर्ष कोण्डापल्ली तामोपारा थाना तर्रेम पद प्लाटून नं. 10 का पार्टी सदस्य ईनाम राशि 2 लाख, सोना कुंजाम पिता हुंगा कुंजाम उम्र 18 वर्ष कोण्डापल्ली तामोपारा थाना तर्रेम पद तेलंगाना स्टेट कमेटी अन्तर्गत प्लाटून में पार्टी सदस्य ईनाम राशि 2 लाख, लिंगेश पदम उर्फ मेसू पदम पिता स्व. चिन्ना पदम उम्र 26 वर्ष सावनार मुकापारा थाना गंगालूर पद गंगालूर एरिया कमेटी पार्टी सदस्य/सप्लाई टीम सदस्य ईनाम राशि 2 लाख रुपए शामिल हैं। इनके अलावा टिबरू राम माड़वी उर्फ बड्डु पिता बुधराम उम्र 35 वर्ष चोखनपाल खालेपारा थाना गंगालूर पद कमकानार आरपीसी जनताना सरकार अध्यक्ष ईनाम राशि 1 लाख , लखमा



कड़ती पिता मंगू उम्र 35 वर्ष चोखनपाल खालेपारा थाना गंगालूर पद ग्राम कमकानार डीएकेएमएस अध्यक्ष, आयता पण्डा पिता जिता पण्डा उम्र 45 वर्ष जीड़पल्ली पटेलपारा थाना तर्रेम पद ग्राम जीडपल्ली डीएकेएमएस अध्यक्ष, मंगू हेमला पिता पाण्डू उम्र 37 वर्ष हिरमागुण्डा पटेलपारा थाना गंगालूर पद हिरमागुण्डा आरपीसी मिलिशिया प्लाटून 'ए' सेक्शन कमाण्डर वर्ष 2003 से सक्रिय, भीमा पोटाम पिता आयतू 27 वर्ष हिरमागुण्डा गायतापारा थाना गंगालूर पद हिरमागुण्डा आरपीसी मिलिशिया प्लाटून 'बी' सेक्शन कमाण्डर वर्ष 2009 से सक्रिय था। राजू वेको पिता मासा वेको उम्र 33 वर्ष हिरमागुण्डा गोदेपारा थाना गंगालूर पद हिरमागुण्डा आरपीसी मिलिशिया प्लाटून 'सी' सेक्शन कमाण्डर वर्ष 2006 से सक्रिय, बुधरी मड़कम पिता जोगा उम्र 27 वर्ष हिरमागुण्डा कोटेलपारा थाना गंगालूर पद हिरमागुण्डा आरपीसी सीएनएम सदस्य वर्ष 2009 से सक्रिय, हिड़मा मण्डावी पिता मडका उम्र 45 वर्ष हिरमागुण्डा कोटेलपारा थाना गंगालूर पद ग्राम हिरमागुण्डा भूमकाल मिलिशिया कमाण्डर वर्ष 2001 से सक्रिय, जोगा माड़वी पिता मड़का माड़वी उम्र 30 वर्ष हिरमागुण्डा थाना गंगालूर पद हिरमागुण्डा आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सी सेक्शन सदस्य वर्ष 2007 से सक्रिय , पोज्जा तामो पिता माडा तामो उम्र 30 वर्ष कोण्डापल्ली कुम्हारपारा थाना तर्रेम पद कोण्डापल्ली आरपीसी जनताना सरकार सदस्य वर्ष 2012 से सक्रिय, हुंगा मुचाकी पिता पोज्जा 27 वर्ष कोण्डापल्ली सिंगापारा थाना तर्रेम पद कोण्डापल्ली आरपीसी सीएनएम सदस्य वर्ष 2005 से सक्रिय शामिल है।

# निलंबित रेंजर पर पेड़ कटवाने और फर्जी तरीके से रकम आहरण के आरोप

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

### विधानसभा में गलत जानकारी देने के आरोप में रेंजर सतीश मिश्रा को किया गया है निलंबित

विधानसभा में गलत जानकारी देने के साथ ही फर्जी कुंवारादेव महिला स्वसहायता समूह के माध्यम से माना नर्सरी में पौधारोपण करने के नाम पर पौने तीन करोड़ का फर्जीवाड़ा करने वाले निलंबित रेंजर सतीश मिश्र के खिलाफ और कई तरह के गंभीर आरोप हैं। रेंजर के खिलाफ तिल्दा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर कौहा पेड़ कटवाने के आरोप हैं। इसके अलावा विभागीय अफसरों के साथ मिलीभगत कर टीपी काटने के नाम पर फर्जीवाड़ा करने के मामले भी हैं।

सतीश मिश्रा खुद को अखिल भारतीय वन कर्मचारी संघ का अध्यक्ष बताते हैं। अलग-अलग वन कर्मचारी संघ के नेताओं से बात करने पर उन्होंने बताया कि उनका अखिल भारतीय स्तर पर कोई संगठन नहीं है। सतीश मिश्रा जिस अखिल भारतीय वन कर्मचारी संघ का अपने आपको अध्यक्ष बताते हैं, उस संस्था का पंजीयन तक नहीं है। वे पूर्व में छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ के पदाधिकारी रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, रेंजर रहते हुए सतीश मिश्रा खुद को कर्मचारी नेता बताकर अपना काम साधते थे।

#### गलत तरीके से प्रतिपूर्ति राशि लेने का आरोप

निलंबित रेंजर के खिलाफ विभागीय कार्य में अपनी सैलरी के पैसे फंसाने का झांसा देकर गलत तरीके से प्रतिपूर्ति राशि लेने के आरोप है। साथ ही उनके खिलाफ अपनी तय सैलरी से ज्यादा प्रतिपूर्ति राशि लेने के आरोप हैं। विभाग इसकी भी जांच करे तो बड़े पैमाने पर गड़बड़ी निकलकर सामने आएगी।

#### बगैर पड़ताल के भुगतान पर उठ रहे सवाल

जिस फर्जी महिला स्वसहायता समूह के माध्यम से पौधे खरीदी करने तथा रोपण कराने के नाम पर करोड़ों रुपए का घोटाला किया गया है। समिति चयन करने के साथ राशि भुगतान करने निरीक्षण अधिकारी एडीओ विश्वनाथ मुखर्जी थे। ऐसे में निरीक्षण अधिकारी द्वारा समिति के बारे में नियमानुसार जानकारी लिए बगैर पैसे का भुगतान किया गया है। इसके लिए जानकार निरीक्षण अधिकारी की जिम्मेदारी तय कर उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं।

#### टीपी काटने में गड़बड़ी के आरोप

लकड़ी गोलों की ट्रांसपोर्टिंग करने टीपी काटने के नाम पर रेंजर के खिलाफ गड़बड़ी करने के आरोप है। बताया जाता है कि इमारती लकड़ियों का जलाऊ लकड़ी के नाम पर टीपी काटा जाता था। इसके अलावा लकड़ियों की गोलाई तथा लंबाई कम-ज्यादा बताकर गड़बड़ी की जाती थी।

#### बैंक खातों के ट्रांजेक्शन की जांच

वनमंत्री के निर्देश पर विभागीय अफसर कुंवारादेव समिति को किए गए भुगतान के संबंध में बैंक खातों के ट्रांजेक्शन की जांच करेंगे। सतीश मिश्रा पर लगे आरोप काफी गंभीर हैं। ऐसे में विभागीय अफसरों को उनके कार्यकाल में किए गए सभी तरह के भुगतान की जांच करनी चाहिए। आरोप है कि सतीश मिश्रा ने अलग-अलग लोगों के नाम से बैंक अकाउंट खुलवाकर गलत तरीके से बिल व्हाउचर बनाकर भुगतान कर करोड़ों की गड़बड़ी की है।

# जल्द खत्म होगा इंतजार, निगम-मंडलों के लिए दर्जनभर से ज्यादा नामों की सूची तैयार

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

### इस माह के अंत या अप्रैल के पहले सप्ताह तक ऐलान होने की संभावना

प्रदेश में भाजपा की सरकार बने करीब सवा साल हो रहे हैं, लेकिन अब तक निगम, मंडलों में नियुक्ति का इंतजार खत्म नहीं हो रहा है। कुछ प्राधिकरण और आयोगों में बीते साल नियुक्ति की गई थी। अब बड़े निगम और मंडलों में नियुक्ति को लेकर तैयारी चल रही है।

एक दर्जन से ज्यादा नामों की सूची तैयारी हो चुकी है, जल्द ही नामों का ऐलान होने की संभावना है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जब हाल ही में दिल्ली गए थे तो उन्होंने जाने से पहले कहा भी, नियुक्ति होगी, थोड़ा इंतजार करें। लगता है अब इंतजार की घड़ियां समाप्त होने वाली हैं। इस बार की सूची को पूरी तरह से गुप्त रखा गया है। पिछली बार की सूची लीक होने पर इसमें बड़ा फेरबदल भी किए जाने के संकेत हैं।

प्रदेश में एक बार फिर से भाजपा की सरकार बनी है। सरकार बनने के एक साल बाद जाकर निगम, मंडल और आयोगों में नियुक्ति का क्रम बीते साल से प्रारंभ हुआ है। बीते साल ही लगातार नियुक्ति करने की योजना बनी थी। तीन चरणों में नियुक्ति की योजना बनाकर पहले चरण में कुछ प्राधिकरणों में नियुक्ति की गई। इसके बाद लगातार यह बात सामने आती रही कि अब निगम और मंडलों में नियुक्ति होगी। बड़े निगम, मंडलों में पहले नियुक्ति की योजना तैयार की गई, लेकिन बीते साल के अंत तक किसी भी निगम और मंडल में नियुक्ति नहीं हो सकी। कुछ आयोगों में जरूर नियुक्ति की गई है।

#### नगरीय निकाय चुनाव के कारण अटका मामला

नए साल में निगम, मंडलों में नियुक्ति का मामला नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के कारण टल गया। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने तय किया, पहले नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव हो जाएं, फिर इसके बाद नियुक्ति की जाएगी। निगम, मंडलों के कई दावेदारों को नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में मौका मिल गया। अब नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव निपट गए हैं तो निगम, मंडलों में नियुक्ति की तैयारी है।

#### सूची रखी गई है गुप्त

भाजपा के जानकारों का कहना है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं के साथ निगम, मंडलों में नियुक्ति को लेकर चर्चा हो गई है। एक दर्जन से ज्यादा नामों पर लगभग सहमति भी हो गई है। इस बार सूची को पूरी तरह से गुप्त रखा गया है। पिछली बार की सूची लीक हो गई थी। उस सूची में बड़ा फेरबदल भी कर दिया गया है। संभावना जताई जा रही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे के पहले या फिर उनके जाने के बाद अप्रैल के पहले सप्ताह में पहली सूची का ऐलान कर दिया जाएगा।

## राशिफल

**मेष** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक होगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि हो सकती है।

**वृष** — बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी। किसी मित्र से रोजगार कि अवसर मिल सकते हैं। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाणी में सौम्यता रहेगी।

**मिथुन** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार की स्थिति में सुधार आएगा। शैक्षिक कार्यों के प्रति सचेत रहें। मन प्रसन्न रहेगा।

**कर्क** — कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह** — माता-पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** — माता-पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — बातचीत में सन्तुलित रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक** — कारोबार से लाभ के अवसर मिलेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।


**धनु** — वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलन बनाकर रखें।

**मकर** — किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में निवेश कर सकते हैं। अध्ययन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों से सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**कुंभ** — किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**मीन** — कारोबार में परिश्रम अधिक होगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5814



**बाएँ से दाएँ**
1.जायकेदार,लजीज-5
4.नट का खेल-4
7.राय,वोट-2
8.दुरुह,कठिन-3
9.प्रहार,घात-2
10.अचरज भरा कार्य-4
11.शराब,मद्य-2
13.साझेदार-4
14.क्षण,लम्हा-2
16.सहयोग-3
18.अड़िग-3
19.कैद, बंधक-3,2
21.चुगली करना-2,3
24.धावक (अंग्रेजी-3)
26.अग्नि, आग-3
28.टैक्स, हाथ-2
29.एक मुगल सम्राट-4
30.टकटकी-2
32.कैंची से काटना-4
33.आत्मा-2
35.सीरा,मिष्ठान-3
36.आगमन-2
37.जोरदार-4
38.तेज दौड़ना-5

**ऊपर से नीचे**
1.बुरी आदत-2
2.झगड़ा,रार-4
3.फिल्मी दुनिया-3,2
4.लेखनी,पेन-3
5.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
6.वटवृक्ष-4
7.मन को भाने वाला-5
10.बुरा आचरण-4
12.यमराज-2
15.चुनौती-4
17.विदरण,एकता भंग-3
18.आर्द्रक-4
20.भूमि,धरती-3
22.आवेश में आना-4
23.नामकरण-2,3
25.नरक में रहना-5
26.जामफल-4
27.बेल,लतिका-2
29.प्रार्थना,ईश्वर वंदना-4
31.जलजला-3
34.मैं का बहुवचन-2
36.रुपये का सोलहवां भाग-2

### शब्द पहेली- 5813 का हल



## सूडोकु नवताल - 5824

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5823 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

## एडीआर रिपोर्ट में बड़ा खुलासा

# चुनावी दंगल में अपराध, देश के 45% विधायकों पर केस

*नई दिल्ली। भारत की राजनीति में अपराध का साया अब भी बरकरार है। चुनाव सुधार संस्था एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ताजा रिपोर्ट ने चौंकाने वाले आंकड़े पेश किए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, देश के 4,092 विधायकों में से 1,861 (45%) ने खुद पर दर्ज आपराधिक मामलों की जानकारी दी है। इनमें से 1,205 विधायक गंभीर अपराधों में फंसे हैं, जिनमें हत्या, हत्या की कोशिश, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध शामिल हैं।*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 54 | विधायकों पर हत्या के आरोप | 226 | पर हत्या के प्रयास के आरोप | 4,092 | विधायक हैं पूरे देश में | 1,205 | विधायक गंभीर अपराधों में फंसे हैं | 127 | विधायकों पर यौन शोषण के मामले |

### सबसे ज्यादा आंध्र के, झारखंड में कम

एडीआर रिपोर्ट के मुताबिक, आंध्र प्रदेश में सबसे ज्यादा 79% (138 विधायक) आपराधिक मामलों में फंसे हैं। इसके बाद केरल और तेलंगाना में 69% विधायक दागी पाए गए। बिहार (66%), महाराष्ट्र (65%) और तमिलनाडु (59%) तेलंगाना – 50%, ओडिशा और झारखंड 45%।




### कौन सी पार्टी के कितने भ्रष्ट?

*अगर पार्टियों की बात करें तो तेलुगू देशम पार्टी सबसे आगे है, जहां 134 में से 115 विधायक आपराधिक मामलों में फंसे हैं। इसके बाद डीएमके के 74% और तृणमूल कांग्रेस के 41% विधायकों पर केस दर्ज हैं। बीजेपी के 1,653 विधायकों में से 638 (39%) दागी हैं, जिनमें 26% गंभीर आरोपों में घिरे हैं। वहीं, कांग्रेस के 646 विधायकों में से 339 (52%) पर आपराधिक केस दर्ज हैं। आम आदमी पार्टी के 56% विधायक और समाजवादी पार्टी के 62% विधायक आपराधिक मामलों में फंसे हैं।*



### 127 विधायकों पर यौन शोषण के मामले

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि 127 विधायकों पर महिलाओं के खिलाफ अपराध दर्ज हैं। इनमें 13 विधायक बलात्कार के आरोपों में फंसे हैं। आईपीसी की धारा 376 और 376(2) के तहत ये केस दर्ज हुए हैं, जो बार-बार यौन शोषण से जुड़े मामलों से संबंधित है।

## खबर संक्षेप

### संभल जामा मस्जिद समिति का अध्यक्ष गिरफ्तार

**संभल।** उत्तर प्रदेश में संभल की शाही जामा मस्जिद की प्रबंध समिति के अध्यक्ष जफर अली को पिछले साल 24 नवंबर को हुई हिंसा के मामले में रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया। जफर अली के बड़े भाई ताहिर अली ने आरोप लगाया है कि उनके भाई को सोमवार को संभल हिंसा मामले की जांच के लिए गठित आयोग के समक्ष पेश होना था इसीलिए उन्हें जानबूझकर गिरफ्तार करके जेल भेजने की साजिश को अंजाम दिया गया है। पिछले साल 24 नवंबर को जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हुई हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई थी तथा कई पुलिसकर्मियों समेत कम से कम 19 अन्य लोग जख्मी हो गए थे।

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में तीन भाई-बहन की मौत

**शिवपुरी।** मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में रविवार को सामान ढोने वाले एक छोटे ऑटोरिक्शा ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे दो भाई व एक बहन की मौत हो गई। करैरा थाना प्रभारी विनोद छवई ने बताया कि यह हादसा दोपहर में महुआर पुल पर हुआ। उन्होंने बताया, ''ऑटोरिक्शा सड़क पर गलत दिशा में आ रहा था और उसने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी।

### वक्फ बिल, औरंगजेब और परिसीमन विवाद पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की दो टूक

# जो गंगा-जमुनी तहजीब की बात करते हैं, उन्होंने औरंगजेब को आइकॉन बनाया

*राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने वक्फ संशोधन बिल से लेकर औरंगजेब और परिसीमन के मुद्दे पर बयान दिया है। होसबोले ने औरंगजेब विवाद पर दो टूक कहा, हमें यह सोचना होगा कि बाहर से आने वालों को आदर्श बनाना है या स्थानीय को सम्मान देना है। वक्फ बिल पर उन्होंने कहा, वक्फ पर क्या होगा? सरकार क्या करेगी... उसे देखेंगे। सरकार सही दिशा में काम कर रही है।*

एजेंसी ▸▸ बेंगलुरु

दत्तात्रेय होसबोले ने कहा, अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में 1443 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। नॉर्थ ईस्ट से लेकर कन्याकुमारी और जम्मू कश्मीर से कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। पिछले एक साल के कार्यकाल की समीक्षा की गई। विजयदशमी के दिन 100 साल पूरे हो जाएंगे। संघ के विस्तार और कार्यकुशलता पर फोकस किया जाएगा। औरंगजेब के मुद्दे पर दत्तात्रेय होसबोले ने कहा, समाज कोई भी विषय उठा सकता है। औरंगजेब मार्ग को अब्दुल कलाम रोड किया जो लोग गंगा जमुनी तहजीब की बात करते हैं, उन्होंने औरंगजेब को आइकॉन बनाया, उनके भाई के बारे में कुछ नहीं बोलते हैं। बाहर से आने वाले किसी व्यक्ति को आदर्श बनाना है या यहां के लोगों का सम्मान करना है- ये मसला है।



### परिसीमन पर क्या बोले होसबोले?

*परिसीमन पर आरएसएस के जनरल सेक्रेटरी दत्तात्रेय होसबोले ने कहा, जनगणना तो शुरू होने दीजिए. डिलिमिटेशन भी होने दीजिए, उसके बाद हम देखेंगे। अगर संघ का कोई व्यक्ति या कार्यकर्ता मैरिट के आधार पर राजनेता नियुक्त होता है तो उसमें कुछ गलत नहीं है। संघ की इसमें कोई भूमिका नहीं है।*

### किसी पार्टी का अध्यक्ष चुनना हमारा काम नहीं

होसबोले ने कहा किसी पार्टी का अध्यक्ष चुनना हमारा काम नहीं है, वहां संघ के स्वयं सेवक हैं इसलिए हमारा संबंध है। संगठनात्मक काम उनको करना चाहिए और वो करते हैं। वो ये चुनाव और अध्यक्ष किसे बनाना है उनका काम है। हम उसमें दखल नहीं देते हैं। वो हमसे पूछ कर करेंगे, वो हमें कोई लिस्ट देंगे, ऐसा कभी नहीं होता है और हम करते भी नहीं हैं। वो किसी को भी बनाएं, अच्छा करें देश के लिए इतना ही हमारा कहना है...उनको इसके लिए शुभकमानाएं।

### भाजपा के अलावा 35 संगठन, प्रचारक मांगेंगे तो देंगे

होसबोले ने कहा, प्रचारक देना या नहीं देना... ये सिर्फ बीजेपी के लिए नहीं हैं और भी संगठन हैं वो भी मांगेंगे तो उनको भी देंगे। बीजेपी के अलावा और भी 35 संगठन हैं उनके बारे में भी पूछ लिया करें। वो हमसे प्रचारक मांगते हैं और हमारे पास प्रचारक उपलब्ध होंगे तो जरूर देंगे। सभी संगठन अपने संविधान के अनुसार स्वतंत्र हैं। अपने संगठन के चुनाव के लिए वो कोई लिस्ट देंगे, ऐसी हमारी कोई अपेक्षा भी नहीं है।

### धर्म आधारित आरक्षण के विरोध में थे डॉ. अंबेडकर

होसबोले ने आगे कहा, जातिगत आरक्षण सभी राज्य सरकार देती हैं, पर धर्म पर आधारित रिजर्वेशन के पक्ष में डॉ. अंबेडकर भी नहीं थे। अंतरराष्ट्रीय मसलों पर देश अच्छा काम कर रहा है। हम रोज सरकार के काम का आकलन नहीं करते हैं, चुनाव के समय जनता आकलन करती है।

### लोगों से की ये खास अपील

# लोग नहीं, नेता होते हैं जातिवादी : गडकरी

एजेंसी ▸▸ अमरावती



केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को जाति को राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने की प्रथा पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि वास्तविक सामाजिक उत्थान के बजाय, चुनावी लाभ के लिए समाज को कृत्रिम रूप से विभाजित किया जाता है। बता दें कि अमरावती में आयोजित डॉ. पंजाबराव उर्फ भाऊसाहेब देशमुख मेमोरियल अवार्ड समारोह में गडकरी ने कहा कि लोग जातिवादी नहीं होते, बल्कि नेता अपने स्वार्थ के लिए जातिवाद को बढ़ावा देते हैं।

**'कौन ज्यादा पिछड़ा', इस होड़ को खत्म करने की जरूरत-** आगे नितिन गडकरी ने कहा कि आज राजनीतिक गलियारों में यह होड़ मची हुई है कि 'कौन ज्यादा पिछड़ा है। गडकरी ने राजनीति की पुनर्परिभाषा की अपील करते हुए कहा कि अब जातिगत वोट बैंक की रणनीति से आगे बढ़कर विकास को प्राथमिकता देने का समय आ गया है।

### 'मैं अपनी शर्तों पर राजनीति करूंगा', वोट दो या ना दो

इसके अलावा गडकरी ने आगे कहा कि उन्होंने जब चुनाव लड़ा तो स्पष्ट शब्दों में जनता से कहा, ''मैं अपनी शर्तों पर राजनीति करूंगा, चाहे आप मुझे वोट दें या न दें। उन्होंने यह भी कहा कि राजनीति का मकसद केवल चुनाव जीतना नहीं होना चाहिए, बल्कि समाज सेवा और विकास पर केंद्रित होना चाहिए।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**अवरूद्ध एवं ऊंचाई कम हेतु ई-निविदा सूचना**

**ई-निविदा सूचना संख्याः 79-यांत्रिक-बिलासपुर-बॉक्सएन-डोर, दिनांकः 12.03.2025.**

**कार्य का नामः** खुली निविदा के आधार पर बीसीएन डिपो बिलासपुर में 1000 बॉक्सएन वैगंस के दरवाजों को अवरूद्ध करने एवं ऊंचाई कम करने का कार्य। **निविदा मूल्यः** ₹ 06,16,96,874/- (₹ छह करोड़ सोलह लाख छियानबे हजार आठ सौ चौहत्तर मात्र) समस्त खर्चो एवं जीएसटी सहित। **अमानत राशिः** ₹ 04,58,500/- (₹ चार लाख अंठावन हजार पांच सौ मात्र)।

**निविदा खुलने की तिथिः 04.04.2025 को 12.00 बजे।**

उपरोक्त ई–निविदा की विस्तृत जानकारी रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा हेतु ई–निविदा के अलावा अन्य निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।

*वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजी. (फ्रेट)/*
*सीपीआर/10/570 द.पू.म.रे., बिलासपुर*

South East Central Railway @secrail

### मोदी सरकार को छू भी नहीं पाएगाः डीएमके ने चेन्नई में बुलाई थी विपक्षी दलों की बैठक

# परिसीमन पर पहली बैठक में ही बिखरा विपक्ष, टीएमसी सहित कई रहे नदारद

एजेंसी ▸▸ चेन्नई

दक्षिण के राज्यों का कहना है कि अगर जनसंख्या के आधार पर परिसीमन हुआ तो उनकी सीटें कम हो जाएंगी। 2026 की जनगणना के बाद लोकसभा सीटों का परिसीमन होना है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन परिसीमन के मुद्दे को लेकर काफी गंभीर दिखाई दे रहे हैं। उनका कहना है कि अगर जनसंख्या के आधार पर परिसीमन किया गया तो लोकसभा और विधानसभा दोनों के लिए ही दक्षिण को भारी नुकसान होने वाला है। इसी मुद्दे को लेकर उन्होंने चेन्नई में विपक्षी दलों की एक बड़ी बैठक बुलाई थी। ओडिशा और पंजाब के अलावा दक्षिणी राज्यों के कांग्रेस नेताओं ने भी इस बैठक में हिस्सा लिया। हालांकि हिंदी बेल्ट और महाराष्ट्र के दलों ने पहली ही बैठक में किनारा कर लिया। वहीं टीएमसी भी इस बैठक में शामिल नहीं हुई। ऐसे में इस बैठक से यह भी पता चल गया है कि परिसीमन के मुद्दे को लेकर पूरा विपक्ष एकजुट नहीं है।



### बढ़ या घट सकती हैं बंगाल की सीटें

*वर्ष 1977 में लोकसभा चुनाव की बात करें तो औसतन 10.11 लाख लोगों पर एक सांसद था। अब अगर डीलिमिटेशन होता है तो उत्तर के राज्यों और पश्चिम बंगालल में सीटें बढ़ेंगी। पश्चिम बंगाल में लोकसभा सीटें 42 से बढ़कर 66 हो सकती हैं। ऐसा तब होगा जब 15 लाख की जनसंख्या को आधार माना जाएगा। वहीं अगर 20 लाख की जनसंख्या के आधार पर परिसीमन होता है तो भी पश्चिम बंगाल में 50 सीटें हो जाएंगी। ऐसे में इस मामले को लेकर टीएमसी ने अपना रुख अभी स्पष्ट ही नहीं किया है।*

### 200 से 400 तक बढ़ जाएंगी लोकसभा सीटें

परिसीमन के बाद तमिलनाडु में भी सीटें बढ़ेंगी हालांकि इनकी संख्या दोगुनी नहीं हो पाएगी। केरल में 20 से सीटें बढ़कर 36 हो सकती है। अगर 20 लाख की जनसंख्या को आधार मानकर परिसीमन होता है तो लोकसभा की सीटें 543 से बढ़कर 707 हो जाएंगी। ऐसे में दक्षिण के राज्यों को सीटों का नुकसान होना तय है। इस फार्मुले से तमिलनाडु की सीटें केवल 39 ही हो पाएंगी। वहीं केरल को दो सीटों का नुकसान होगा। यूपी, बिहार और झारखंड को इसका फायदा मिलेगा। अगर 15 लाख की जनसंख्या के हिसाब से परिसीमन होता है तो कुल सीटें 942 हो जाएंगी। उत्तर के राज्यों की तुलना में दक्षिण के राज्यों को कम सीटें मिलेंगे।

**कार्यालय नगर पंचायत कोटा जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**Mail ID- cmokota@rediffmail.com**

क्रमांक/ 1726/निविदा/न.पं./2024-25 कोटा, दिनांक 20/03/2025

**// मैन्युअल पद्धति निविदा सूचना //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से (PWD Road SOR, PWD Building, SOR PHED SOR) नगर पंचायत कोटा में निम्नलिखित अधोसंरचना, 14वें वित्त, 15वें वित्त, राज्य प्रवर्तित मरम्मत संधारण, सांसद, विधायक, अध्यक्ष, पार्षद एवं निकाय मद अंतर्गत निर्माण कार्य एवं सामग्री क्रय हेतु निविदा प्रपत्र A एवं B के द्वारा स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से 03 लिफाफा पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि — 11.04 2025 शाम 5 :00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र प्रदान करने की तिथि — 15 .04 .2025 शाम 5 :00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय — 22 .04 .2025 शाम 3 :00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि एवं समय — 22 .04 .2025 शाम 4 :00 बजे से

| क्र. | कार्य का नाम | मद का नाम | अनुमानित लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि/निविदा प्रपत्र का मुल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 02, 03, 04 एवं 12 में पाईप लाईन विस्तार कार्य। | 15 वें वित्त | 6.00 | 4500/750 |
| 2 | वार्ड क्र. 02, 03, 04 एवं 06 में आर.सी.सी. रोड क्रॉसिंग एवं नाली निर्माण कार्य। | 15 वें वित्त | 6.81 | 5500/750 |
| 3 | वार्ड क्र. 07 श्रीवास जी के घर से साहू जी के घर तक आर.सी.सी. रोड क्रॉसिंग एवं नाली निर्माण कार्य। | 15 वें वित्त | 12.08 | 9500/750 |
| 4 | वार्ड क्र. 09 एवं 15 में आर.सी.सी. रोड क्रॉसिंग एवं नाली निर्माण कार्य। | 15 वें वित्त | 4.45 | 3500/750 |
| 5 | वार्ड क्र. 06 नगर पंचायत परिसर में व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स निर्माण कार्य। | निकाय मद | 17.96 | 13500/750 |
| 6 | वार्ड क्र. 01 से 05 तक छोटे-छोटे निर्माण एवं मरम्मत कार्य। | निकाय मद | 20.00 | 15000/750 |
| 7 | वार्ड क्र. 06 से 10 तक छोटे-छोटे निर्माण एवं मरम्मत कार्य। | निकाय मद | 20.00 | 15000/750 |
| 8 | वार्ड क्र. 11 से 15 तक छोटे-छोटे निर्माण एवं मरम्मत कार्य। | निकाय मद | 20.00 | 15000/750 |
| 9 | जल प्रदाय सामग्री क्रय कार्य। (वित्तीय वर्ष 2025-26) | निकाय मद | 20.00 | 15000/750 |
| 10 | मोटर पम्प एवं स्टार्टर क्रय कार्य। (वित्तीय वर्ष 2025-26) | निकाय मद | 20.00 | 15000/750 |
| 11 | मोटर पम्प एवं स्टार्टर मरम्मत कार्य। (वित्तीय वर्ष 2025-26) | निकाय मद | 20.00 | 15000/750 |
| 12 | स्टेशनरी सामग्री क्रय कार्य। (वित्तीय वर्ष 2025-26) | निकाय मद | 10.00 | 7500/750 |
| 13 | स्वच्छता सामग्री कार्य। (वित्तीय वर्ष 2025-26) | निकाय मद | 05.00 | 4000/750 |
| 14 | मोटर पम्प लोवर एवं लिफ्टिंग कार्य। (वित्तीय वर्ष 2025-26) | निकाय मद | 07.00 | 5500/750 |

टीप :-नियम एवं शर्ते कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत कोटा

### पाक-अफगान सीमा पर 16 उग्रवादी मारे गएः सेना

**पेशावर।** अफगानिस्तान से पाकिस्तान में घुसपैठ की कोशिश कर रहे पाकिस्तानी तालिबान से जुड़े कम से कम 16 उग्रवादियों को सुरक्षा बलों ने मार गिराया।




सेना की मीडिया शाखा ने एक बयान में कहा कि सुरक्षा बलों ने 22 और 23 मार्च की मध्य रात्रि उत्तरी वजीरिस्तान के गुलाम खान कल्ले इलाके में अफगान सीमा पार करने की कोशिश कर रहे आतंकवादियों के एक समूह का पता लगाया। बयान में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के सदस्यों के लिए कहा गया, 'हमारे सैनिकों ने घुसपैठ की उनकी कोशिश को प्रभावी ढंग से नाकाम कर दिया। मुठभेड़ के बाद सभी 16 ख्वारिज को मार गिराया गया।' बयान में कहा गया है कि पाकिस्तान लगातार अंतरिम अफगान सरकार से उसके हिस्से में प्रभावी सीमा प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए कह रहा है।



चिंतन

# न्याय तंत्र पर जन भरोसे को बनाए रखना जरूरी

भारतीय न्यायपालिका की साख एक बार फिर से सवालों के घेरे में है। देश के आवाम को अपनी मुद्रा और न्यायपालिका पर अटूट भरोसा है, लेकिन दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के आवास के एक हिस्से में आगलगी घटना के दौरान कथित तौर पर भारी मात्रा में अधजले नोट (रुपये) मिलने से यह भरोसा टूटता नजर आ रहा है। हाल में दुष्कर्म से संबंधित जजों की टिप्पणियां भी जनमानस के विपरीत आई हैं। कथित नकदी मिलने के आरोप से फिलहाल जस्टिस वर्मा के यश को चोट पहुंची है। जज के आवास परिसर से नकदी का मामला बेहद गंभीर है, अधजले नोटों के वीडियो व तस्वीर सामने आए हैं, इसलिए इसकी ईमानदारी से जांच होनी चाहिए व सच सामने आना चाहिए। जस्टिस यशवंत वर्मा ने नकदी उनकी होने के आरोपों से इनकार किया है। घटना 14 मार्च होली की रात 11.35 बजे की है, जब जस्टिस यशवंत वर्मा के दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास के एक हिस्से में आग लग गई, जिसे बुझाने दिल्ली अग्निशमन विभाग के दमकलकर्मी पहुंचे। उस दौरान दमकल कर्मियों को एक कमरे में कथित तौर पर भारी मात्रा में अधजले नोट मिले। यूं तो अग्निशमन विभाग की ओर से जारी बयान में नकदी का जिक्र नहीं है, पर वीडियो में अधजले नोट दिखे। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के चीफ़ जस्टिस संजीव खन्ना ने दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ़ जस्टिस डीके उपाध्याय को प्रारंभिक पूछताछ करने को कहा था। चीफ़ जस्टिस उपाध्याय ने इस मामले की रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को दी है, जिसमें उन्होंने मामले की गहरी जांच की जरूरत की वकालत की है। चीफ जस्टिस ने अपनी रिपोर्ट में पुलिस कमिश्नर द्वारा भेजी गईं कुछ रिपोर्टों को भी शामिल किया है, जिसमें ये कहा गया है कि स्टोर रूम में 4-5 अधजली बोरियों में कैश मिला है। आरोप के कटघरे में खड़े जस्टिस यशवंत वर्मा ने भी अपनी सफाई दी है, जिसमें उन्होंने दावा किया है कि स्टोर रूम में उन्होंने या उनके परिवार वालों ने कभी कैश नहीं रखा, उनके ख़िलाफ़ साज़िश रची जा रही है, जिसे शीर्ष कोर्ट ने सार्वजनिक किया है। दिल्ली पुलिस कमिश्नर ने जस्टिस डीके उपाध्याय के साथ कुछ फ़ोटो और एक वीडियो भी शेयर किए हैं। इनमें एक कमरे में नोट जलते दिख रहे हैं। अभी सुप्रीम कोर्ट ने इस पूरे प्रकरण की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमिटी गठित की है। साथ ही, दिल्ली पुलिस से जस्टिस वर्मा के पिछले 6 महीने के कॉल रिकॉर्ड भी मांगे हैं और जस्टिस यशवंत वर्मा को अपने फ़ोन से कोई भी डेटा हटाने से मना किया है। कमिटी में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के चीफ़ जस्टिस जस्टिस शील नागू, हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ़ जस्टिस जस्टिस जीएस संधावालिया और कर्नाटक हाईकोर्ट की चीफ़ जस्टिस जस्टिस अनु शिवरामन शामिल हैं। वर्ष 1999 में सुप्रीम कोर्ट में 'इन-हाउस' कमिटी की प्रक्रिया का गठन किया गया था। उसमें कहा गया था कि 3 जजों की कमिटी हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट के जज के ख़िलाफ़ शिकायत की जांच करेगी। देश की नजरें इस कमिटी पर होंगी। न्याय तंत्र पर जन भरोसे को बनाए रखने व जस्टिस वर्मा के भविष्य के लिए कमिटी की जांच व उसकी रिपोर्ट अहम है। सुप्रीम कोर्ट के कई चीफ जस्टिस अतीत में सार्वजनिक रूप से देश में इंसाफ की लचर स्थिति पर चिंता प्रकट कर चुके हैं। आमजन के लिए इंसाफ आज भी एक सपना ही है। चूंकि जजों को उनके न्यायिक कार्यों के लिए इम्युनिटी मिलती है, इसलिए आज राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग अधिनियम पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है।



विश्लेषण
अखिलेश आर्येन्दु

सवाल यह है कि चार सदी के बाद औरंगजेब़ भारतीय राजनीति, मीडिया या जनता में विवाद का विषय क्यों बन गया या बना दिया गया है? इस विवाद को लेकर कुछ सवाल उठाए जा रहे हैं कि औरंगज़ेब हिन्दुओं पर जुल्म ढाने वाला बादशाह था। उसकी हुकूमत की नीतियां भेदभावपूर्ण और अन्याय पर आधारित थीं, सम्मान और आदर की पात्र कैसे हो सकती हैं? दूसरी बात, औरंगजेब की नीतियों की खिलाफत करने वालों का यह सवाल क्या वाजिब नहीं लगता कि जो बहुसंख्यक हिन्दुओं पर ताजिंदगी जुल्म ढाता रहा और उन्हें अपने मजहब का हिस्सा बनने के लिए मजबूर करता रहा, उसे सर्वधर्म समभाव वाला बादशाह कैसे माना जा सकता है?

# ऐतिहासिक तथ्य छिपाने के प्रयास

औरंगजेब़ यानी अबुल मुजफ्फर मुहिउद्दीन मोहम्मद मीडिया में चर्चा का विषय बना हुआ है। महाराष्ट्र के संभाजी नगर में उसकी कब्र को उखाड़ फेंकने और उसकी पचास साल की हुकूमत को बेहतरीन बताने वालों के बीच चर्चा जोरों पर है। इतिहास के मुताबिक औरंगज़ेब ने 17वीं सदी में करीब पचास सालों तक भारत में शासन किया। उसके शासन में भारतीय समाज का वह वर्ग खुश था जो उनके शरिया वाली नीतियों को मानने वाले थे। लेकिन दूसरा वर्ग जो हिन्दुओं का था, वह उसकी भेदभाव, जुल्म, अन्याय और शोषण का पचास सालों तक शिकार रहा। इतिहाकारों के मुताबिक वह दोहरी नीति पर इसलिए चल रहा था कि जिससे उसका वह मकसद पूरा हो जाए कि ज्यादातर हिन्दू उसकी क्रूर नीतियों, बर्बताओं और पाशविक बर्बताओं से तंगकर या डर कर उसके मजहब के हिस्सा बन जाएं। अपने साम्राज्य को बढ़ाने के लिए उसने वे नीतियां अपनाईं जो गैरइंसानी थी।

सवाल यह है कि चार सदी के बाद औरंगजेब़ भारतीय राजनीति, मीडिया या जनता में विवाद का विषय क्यों बन गया या बना दिया गया है? इस विवाद को लेकर कुछ सवाल उठाए जा रहे हैं कि औरंगज़ेब हिन्दुओं पर जुल्म ढाने वाला बादशाह था। उसकी हुकूमत की नीतियां भेदभावपूर्ण और अन्याय पर आधारित थीं, सम्मान और आदर की पात्र कैसे हो सकती हैं? दूसरी बात, औरंगजेब की नीतियों की खिलाफत करने वालों का यह सवाल क्या वाजिब नहीं लगता कि जो बहुसंख्यक हिन्दुओं पर ताजिंदगी जुल्म ढाता रहा और उन्हें अपने मजहब का हिस्सा बनने के लिए मजबूर करता रहा, उसे सर्वधर्म समभाव वाला बादशाह कैसे माना जा सकता है? इतिहास में दर्ज़ उसके कार्यों, हिन्दुओं से बर्बर बर्ताव, उसकी नृशंस हिन्दू विरोधी नीतियों, मंदिरों को तोड़कर उनके ऊपर मस्जिद बनवाने और हिन्दुओं पर ही आपत्तिकारी टैक्स जबरन लगाने जैसे तमाम राजकीय फरमानों और उसकी गैर इंसानी कवायदें क्या यह नहीं बताती कि वह किसी भी कौम के लिए आदर या सम्मान का पात्र नहीं हो सकता है? जो लोग उसे अपना आदर्श या आइकॉन इसलिए बता रहे हैं कि उसने एक सच्चे मजहबी मुस्लिम की तरह शासन किया, सरिया कूनन बेधड़क लागू कर गैर हिन्दुओं के लिए तरह-तरह की समस्याएं पैदा की, उनकी मानसिकता को समझा जा सकता है। चर्चा यहीं नहीं रुकती है बल्कि ऐसे तमाम विवादित मुद्दों व औरंगजेब की प्रासंगिकता को लेकर कोर्ट में याचिका भी दायर की गई है। उसने सिक्कों पर कलमा खुदवाया। हिन्दुओं के पर्व-त्योहारों पर सख्ती के साथ रोक लगा दी। उसने युद्धबंदियों, राजनीतिक कैदियों और किसी भी ऐसे व्यक्ति को यातना देने और मारने में संकोच नहीं किया जिसे गैर-इस्लामी मानता था। अपनी बेटी जेबुन्निसा को 20 साल तक कैद में रखा। गुरु तेग बहादुर का बर्बरता से सिर कलम करवा दिया और अपने अब्बाजान को कैद में रख अपने सभी भाइयों को मरवा दिया। ये उसकी जिंदगी के कुछ सच हैं जो हम इतिहास में पढ़ते हैं। लेकिन सवाल यह है कि वह तो चार सदी पहले मरा था, अब उसके बारे में विवाद या उसके हर कवायद का विरोध या खैरमकदम करने का औचित्य क्या है? इसके लिए हमें इतिहास खगालने की जरूरत है। इतिहासकारों के मुताबिक वह नेकदिल इंसान कतई



नहीं था। इतिहासकार जदुनाथ सरकार मानते हैं कि वह एक बेहद कट्टरवादी मुस्लिम बादशाह था जो अपनी भेदभावपूर्ण नीतियों की वजह से प्रजा को कभी खुश नहीं कर पाया। जबकि इतिहासकार शिब्ली नोमानी का मानना है कि उसके फैसले राजनीतिक हुआ करते थे।

औरंगजेब़ के नाम पर देशभर में सड़कें, मकबरे और इमारतें हैं। आजादी के बाद विदेशी शासकों के शासन और उनके कार्यों का बखान मीडिया के जरिए ही नहीं बल्कि किताबें लिखकर भी किया गया। लेकिन भारतीय हिन्दू राजाओं के प्रजा के हित और किए गए ऐतिहासिक कार्यों को लगातार नजरअंदाज किया जाता रहा है। केंद्र की नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद इतिहास की इस भेदभावपूर्ण नीति की जगह निष्पक्ष मूल्यांकन के जरिए कई ऐसे विवादित विषयों, मुद्दों और कार्यों को गम्भीरता से समझा ही नहीं गया बल्कि उस सच को भी आगे किया गया जो जानबूझ कर दबाए गये थे।

दरअसल, औरंगजेब पर विवाद इसलिए गहराया कि जो पक्ष इसकी हुकूमत को गैरइंसानी मान रहा है जिसमें इतिहास की सच्चाइयां भी शामिल हैं, उसे किसी भी जगह भारत में तवज्जो देने के खिलाफ है? हमें क्या यह गौर नहीं करना चाहिए कि आने वाली पीढ़ियां क्रूर हुकूमतदारों की हुकूमतों को क्यों पढ़े? उससे उन्हें क्या हासिल होगा? मुगलिया सल्तनत ने भारत पर छह सदी तक हुकूमत की। इनमें कई ऐसे बादशाह हुए जिसे इतिहास के पन्नों में बर्बर शासक का काल, तो कुछ को नेकदिल इंसान लिखा गया है। इन्हीं बर्बर बादशाहों में औरंगजेब़ भी एक था। सोशल मीडिया में सवाल यह उठाया जा रहा है कि औरंगजेब किसी कौम के लिए आदर और सम्मान का पात्र क्यों माना जाना चाहिए? यदि संभाजी नगर में बनी उसकी मज़ार को हटाने की मांग हिन्दू संगठन कर रहे हैं तो उसमें गलत क्या है? यदि भाजपा भारत को एक आदर्श देश के रूप में निर्मित करना चाहती है तो ऐसे मुद्दों को सलीके से हल करने की जरूरत है या आंदोलन के जरिए?

भाजपा का मानना रहा है कि वह भारत के एक सौ चालीस करोड़ लोगों की पार्टी है। पिछले दस सालों में उसकी नीतियां इस बात की गवाह भी हैं कि उसने जो नीतियां जनता के हित में लागू कीं वे सभी बगैर किसी भेदभाव के लागू कीं। इसलिए यदि औरंगजेब़ के बचाव के नाम पर औरंगजेब़ को एक नेकदिल इंसान साबित करने और उसके पक्ष में नारे लगाने जैसी कवायदें की जाती हैं तो इसे क्या इंसानियत को तार-तार करने वाले बादशाह को क्लिनचिट देने जैसा नहीं है? दरअसल, औरंगज़ेब के बहाने इतिहास की पड़ताल पहली बार की जा रही है। इसमें किसी को साम्प्रायिकता ढूंढने की जरूरत क्यों पड़ रही है? फिर यह सवाल आज भी मौजूं है कि यदि अकबर महान है तो महाराणा प्रताप महान क्यों नहीं? जो इसी भारत की माटी के लाल और स्वाभिमानी राजा थे। बड़ा सवाल यह है कि जिस तरह से एक-एक कर बर्बर हुकूमतदारों के हुकूमतों की पड़ताल नये सिरे से की रही है, क्या उसे किसी खास कौम के हुकूमतदार होने की वजह से उनके पक्ष में बचाव के लिए ऐड़ी-चोटी का जोर लगा देना चाहिए? या खिलाफत इस कदर होनी चाहिए जिससे यह विश्व मीडिया में सबसे विवाद या फसाद का मुद्दा बन जाए जो देश की अस्मिता या केंद्र की शासन व्यवस्था की सर्वहितकारी नीतियों पर ही सवाल उठने लगे? मेरा मानना है कि मज़ार, कब्र, मकबरे या इस तरह की जितनी भी जगहें हैं और जो किसी खास व्यक्ति से जुड़ी हैं तो उस पर राजनीति न होकर या चर्चा का विषय न बनाकर उसे कानून के मुताबिक हल किया जाना चाहिए। यदि अयोध्या, 370 जैसे मामले कानून के जरिए हल किये जा सकते हैं तो औरंगजेब़ या दूसरे इतिहास के बदनाम शख्सियतों पर उठने वाले सवाल भी हल किये जा सकते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार, चिंतक और संस्कृतिकर्मी हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष
डॉ. रमेश ठाकुर



# 'टीबी मुक्त भारत' के लक्ष्य को पूरा करने की चुनौती

वर्ष-2030 तक भारत को संपूर्ण रूप से टीबी की बीमारी से मुक्ति का प्रण लिया गया है। उस निर्धारित अवधि में अभी 6 वर्ष शेष हैं। अभियान फिलहाल जिस अंदाज से जारी है, उससे प्रतीत होता है कि लक्ष्य आसानी से पूरा नहीं होगा। तत्कालीन हेल्थ मिनिस्टर मनसुख मावडिया ने पिछले साल 2024 को आज ही के दिन अभियान से जुड़े चिकित्सकों को एक टारगेट सौंपा था जिसकी समीक्षा उन्हें 2025 को विश्व टीवी दिवस पर करनी थी। फिलहाल उनकी जगह चिकित्सकों से वह रिपोर्ट मौजूदा हेल्थ मिनिस्टर जेपी नड्डा लेंगे। भारत में 'राष्ट्रीय टीबी नियंत्रण' कार्यक्रम की शुरुआत साल 1962 में हुई थी, लेकिन कोशिशें कछुए की चाल जैसी आगे बढ़ीं। इसी कारण 1985 के बाद भारत में तपेदिक जैसी बीमारियों की बाढ़ आई। मुकम्मल तौर पर बीमारी पर नियंत्रण पाना सन 2001 से आरंभ हुआ था, जो 2010 तक कुछ सफलता मिली। वैश्विक जागरूकता के लिए ही टीबी दिवस सालाना 24 मार्च को मनाया जाता है। इस रोग को चिन्हित सबसे पहले वैश्विक स्तर पर सन 1882 में किया गया। चिकित्सकों की रिसर्च ने टीबी के जीवाणु उसी दरम्यान खोजे थे। हालांकि, तब ये रोग आज की तरह जानलेवा नहीं आंका गया था। धीरे-धीरे टीबी की बीमारी ने चिकित्सकों की रिपोर्ट को भी पीछे छोड़ा और अचानक से घातक हुई। सन 1980 और 2000 का दौर टीबी बीमारी के नाम था। तब भारत में 26 लाख और पूरे विश्व में 1 करोड़ 80 लाख के आसपास लोगों की मौते हुईं थीं। इस आंकड़े ने संसार में कोहराम मचाया था। एक समय ऐसा था जब भारत में अन्य बीमारियों के मुकाबले टीबी सर्वाधिक थी। लेकिन प्रशंसा करनी होगी पूर्ववर्ती और मौजूदा केंद्रीय हुकूमतों की जिन्होंने समय रहते इस टीबी पर पार पाया। सालाना केंद्रीय बजट में 'टीबी मुक्त अभियान' के लिए मोटा बजट आवंटन किया जाता है। क्योंकि भारत में पोलियो के बाद दूसरी बड़ी बीमारी टीबी ही रही। डब्ल्यूएचओं के मुताबिक टीबी की चपेट में सालाना पांच लाख अकाल मौतें होती हैं। सिलसिला अभी भी जारी है। इस बीमारी से लड़ने के लिए सरकारी कोशिशों के अलावा जन सहयोग की अति आवश्यकता है। हमारे यहां टीबी के संबंध में वही पुरानी उक्ति 'परहेज इलाज से बेहतर है' चरितार्थ होती है क्योंकि टीबी के संक्रमण का प्रभाव हर आदमी पर नहीं पड़ता, यानी जिनकी रोगों से लड़ने की क्षमता कमजोर है, वही टीबी की चपेट में आता है। शायद यही वजह है कि कुपोषण तथा पोषण तत्वों की कमी की वजह से गरीब और ग्रामीण आबादी टीबी से अधिक प्रभावित होती है। टीबी को लेकर सतर्कता इसलिए जरूरी है क्योंकि ये एक संक्रामक रोग है, जो बीमारी घेरने से पहले आमतौर पर फेफड़ों को प्रभावित करती है। टीबी दूषित खानपान, प्रदूषण और शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कम होने पर फैलती है। यह न केवल फेफड़ों, बल्कि शरीर के दूसरे हिस्से जैसे किडनी व दिमाग पर भी हमला करती है। इस पर काबू पाने के लिए पोलियो जैसी लड़ाई लड़नी ही होगी, वरना ये बीमारी यूं ही मुंह खोले खड़ी रहेगी। सामाजिक स्तर पर जनमानस को भी चेतना होगा। टीबी होने पर वैध-हकीमों के पास जाने के बजाय अस्पतालों में उपयुक्त इलाज कराएं। मौजूदा वक्त में प्रत्येक अस्पतालों में टीबी के लिए डॉट्स की व्यवस्था सुगम है। टीबी किसी को भी, किसी उम्र में हो सकती है। लेकिन समय पर ईलाज अगर हो, तो ये बीमारी शरीर का कुछ नहीं बिगाड़ सकती। टीबी से बचा कैसे जाए और इसका संक्रामक कितना घातक है, उसे बताने और समझाने के लिए ही 'विश्व टीबी दिवस' को आयोजित किया जाता है, ताकि इससे लोग विनाशकारी स्वास्थ्य और आर्थिक प्रभाव के संबंध में जागरूक हो सकें। टीबी का मुख्य कारण तपेदिक माइकोबैक्टीरियम है जो कि एक छोटा, एरोबिक, चलने में अक्षम दण्डाणु है। वैसे, इस रोगजनक की उच्च लिपिड सामग्री उसकी अपनी अनूठी नैदानिक विशेषताओं के लिए ही जिम्मेदार है। भारत में राष्ट्रीय क्षय रोग संस्थान बेंगलुरु में है और 'राष्ट्रीय क्षय रोग अनुसंधान संस्थान' चेन्नई में है जहां रोजाना टीबी पर नई-नई रिसर्च होती हैं। इस बीमारी के आंकड़े निश्चित रूप से अभी भी डरावने हैं। भारत 2023 और 2024 के बीच 25.5 लाख टीबी रोगियों और 26.07 लाख मामलों को अधिसूचित करने में सक्षम रहा, जो अब तक का सर्वाधिक है। डब्ल्यूएचओ की वैश्विक टीबी रिपोर्ट-2024 में भारत में टीबी की घटना दर 2015 में प्रति लाख जनसंख्या पर 237 से 2023 में प्रति लाख जनसंख्या पर 195 तक 17.7 प्रतिशत की गिरावट दर्शाती है। केंद्र सरकार 2030 तक भारत को टीबी से मुक्त करे, जिसकी उम्मीद सभी लगाए बैठे हैं।

(लेखक राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान के सदस्य हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# वार्ता से निकल सकता है हर समस्या का हल



संकलित
दर्शन

वार्ता से प्रत्येक व्यक्ति का सरोकार है। जब मन में संदेह उपजे, हृदय अविश्वास से घिर जाए, मस्तिष्क में विचार न ठहरे, तब वार्ता से ही रास्ता निकलेगा। कोई भी विवाद हो, कैसी भी समस्या हो, फिर भी वार्ता से हल निकल सकता है। संबंधों में कितना भी ठहराव क्यों न आ जाए, लेकिन वार्ता के ताप से रिश्तों पर जमा बर्फ भी पिघल जाती है। वार्ता में शिथिलता के लिए केवल अहंकार दोषी होता है। किसी भी विध्वंस का कारण अंहकार ही रहा है। विश्व शांति की अवधारणा परस्पर संवाद पर ही टिकी है। संवादहीनता से कूटनीति और राजनीति अकेली पड़ सकती है। बातचीत चलती रहे तो विकल्प निकलने की संभावना बढ़ जाती है। चर्चाओं में तर्क, सुझाव और मतों का विभाजन होता रहता है। यह अनवरत प्रक्रिया है। जनता के मध्य निरंतर जनमत पर चर्चा चलती रहती है। लोक चर्चा और लोकमत से संसार की बड़ी समस्याओं पर सकारात्मक निष्कर्ष निकल सकते है। चर्चा या वार्ता को प्रोत्साहित करना उचित है। संवादहीनता को हतोत्साहित करना चाहिए। सभी द्वार भले ही बंद हो जाएं, लेकिन बातचीत का द्वार सदैव खुला रहे। लोग कहते हैं कि पैसों का काम पैसों से ही चलता है, बातों से नहीं। यह बात सच है कि बातों से कोई काम नहीं होता, काम तो काम करने से हो सकता है, लेकिन काम तभी हो सकता है, जब उस काम से पहले कोई विचार स्थिर हो। विचार स्थिर होगा तो उससे संबंधित बात पूरी हो सकेगी और बात होगी तो काम का आदेश होगा। काम का आदेश स्वयं या अन्य प्रकार का हो सकता है।

# श्रमरहित पराश्रित जीवन विकास के द्वार बंद करता है



संकलित
प्रेरणा

महर्षि वेदव्यास ने एक कीड़े को तेजी से भागते हुए देखा। उन्होंने उससे पूछा- हे क्षुद्र जंतु, तुम इतनी तेजी से कहाँ जा रहे हो? उनके प्रश्न ने कीड़े को चोट पहुंचाई और वह बोलाः हे महर्षि, आप तो इतने ज्ञानी हैं। यहां क्षुद्र कौन है और महान कौन? क्या इस प्रश्न और उसके उत्तर की सही-सही परिभाषा संभव है? कीड़े की बात ने महर्षि को निरुत्तर कर दिया। फिर भी उन्होंने उससे पूछा- अच्छा यह बताओ कि तुम इतनी तेजी से कहां जा रहे हो? कीड़े ने कहा- मैं तो अपनी जान बचाने के लिए भाग रहा हूं। देख नहीं रहे, पीछे से कितनी तेजी से बैलगाड़ी चली आ रही है। कीड़े के उत्तर ने महर्षि को चौंकाया। वे बोले, तुम तो इस कीट योनि में पड़े हो। यदि मर गए तो तुम्हें दूसरा और बेहतर शरीर मिलेगा। इस पर कीड़ा बोलाः महर्षि, मैं तो इस कीट योनि में रहकर कीड़े का आचरण कर रहा हूं, परंतु ऐसे प्राणी असंख्य हैं, जिन्हें विधाता ने शरीर तो मनुष्य का दिया है, पर वे मुझसे भी गया-गुजरा आचरण कर रहे हैं। कीड़े की बातों में महर्षि को सत्यता नजर आई। वे सोचने लगे कि वाकई जो मानव जीवन पाकर भी देहासक्ति और अहंकार से बंधा है, जो ज्ञान पाने की क्षमता पाकर भी ज्ञान से विमुख है, वह कीड़े से भी बदतर है। महर्षि ने कीड़े से कहा- नन्हें जीव, चलो हम तुम्हारी सहायता कर देते हैं। कीड़ा बोला- किंतु मुनिवर श्रमरहित पराश्रित जीवन विकास के द्वार बंद कर देता है। कीड़े के कथन ने महर्षि को ज्ञान का नया संदेश दिया।

अंतर्मन





आज की पाती

### भूजल का अंधाधुंध दोहन प्यासे भविष्य का संकेत

22 मार्च को विश्व जल दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन स्वच्छ, पीने के पानी के संरक्षण, उसके महत्व और उसके न्यायोचित उपयोग के प्रति जन जागरूकता का संदेश देता है। स्वच्छ जल आपूर्ति किसी भी देश की स्वस्थ अर्थव्यवस्था का आधार होती है। एक अनुमान के अनुसार सूखे और बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में जलजनित बीमारियों के उपचार और प्रबंधन पर हमारे देश को प्रतिवर्ष 42 अरब रुपए खर्च करने पड़ते हैं। भारत की कुल जनसंख्या की आधे से भी कम आबादी को ही पीने का पानी उपलब्ध हो पा रहा है। भारत के लगभग 718 जिलों के अधिकांश भाग पानी की कमी की त्रासदी झेल रहे हैं। भूजल पीने का पानी उपलब्ध करवाने वाला एक मुख्य स्त्रोत है। भारत को भूजल का दुनिया का सबसे बड़ा उपयोगकर्ता माना जाता है। – *प्रदीप जोशी, दुर्ग*

ट्रेंड

### बिठूर महोत्सव



प्रथम स्वाधीनता संग्राम के महानायक, वीर शिरोमणि नानाजी राव पेशवा को समर्पित 'बिठूर महोत्सव 2025' के प्रतिभागी कलाकारों को कानपुर में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया। नानाजी राव पेशवा की पावन स्मृतियों को नमन।
-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### खीर सेरेमनी



27 साल बाद दिल्ली में बनी भाजपा सरकार का पहला बजट आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विजन को आगे बढ़ाने की दिशा में रहेगा। यह बजट दिल्ली के विकास और खीर की मिठास जैसा होगा। हम इसे खास 'खीर सेरेमनी' के साथ शुरू करेंगे।
-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### जयंती पर नमन



डॉ. राम मनोहर लोहिया ने गोवावासियों को पुर्तगाली उत्पीड़न के खिलाफ खड़े होने के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और गोवा की मुक्ति का मार्ग प्रशस्त किया। डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती पर उनका स्मरण करते हैं।
-प्रमोद सावंत, सीएम, गोवा


### हर भारतीय को प्रेरणा



अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के शहीदी दिवस पर उनको शत-शत नमन। देश की आज़ादी के लिए इन महान देशभक्तों का जज़्बा और अमर शहादत हर भारतीय को प्रेरणा देती रहेगी।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

करंट अफेयर


## तालिबान के तीन नेताओं पर घोषित इनाम वापस



अमेरिका ने तीन प्रमुख तालिबान नेताओं के सिर पर घोषित इनाम वापस ले लिये हैं। इनमें अफगानिस्तान के गृह मंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी भी शामिल हैं, जो एक शक्तिशाली नेटवर्क (हक्कानी नेटवर्क) के प्रमुख हैं, जिसपर पश्चिम समर्थित पूर्ववर्ती सरकार के खिलाफ हमले का आरोप है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। सिराजुद्दीन हक्कानी का नाम अब अमेरिकी विदेश मंत्रालय की वेबसाइट 'रिवॉर्ड्स फॉर जस्टिस' पर नहीं दिख रहा है। हक्कानी ने जनवरी 2008 में काबुल के सेरेना होटल पर हमले की योजना बनाने की बात स्वीकार की थी। इस हमले में अमेरिकी नागरिक थॉर डेविड हेलेसा समेत छह लोग मारे गए थे। हालांकि, एफबीआई की वेबसाइट पर वांछित के तौर पर हक्कानी का पोस्टर अब भी मौजूद है। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल मतीन कानी ने कहा कि अमेरिकी सरकार ने हक्कानी, अब्दुल अजीज हक्कानी और याह्या हक्कानी के सिर पर घोषित इनाम वापस ले लिया है। कानी ने 'एसोसिएटेड प्रेस' को बताया, ये तीन व्यक्ति (हक्कानी बंधु) दो भाई और एक चचेरे भाई हैं।

ऑफ बीट

## अनिद्रा से हो सकती हैं हृदय संबंधी समस्याएं



रात में लगभग सात से आठ घंटे की नींद लेने वाले व्यस्कों का शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य आमतौर पर सबसे अच्छा होता है और ज्यादा समय तक जीते हैं। लेकिन उम्र के साथ ये सुझाव थोड़े बदल जाते हैं। जिन व्यस्कों की उम्र 65 वर्ष से अधिक उनके लिए रात में केवल छह से सात घंटे की नींद भी काफी हो सकती है। इसलिए, अगर कोई बुजुर्ग स्वस्थ हैं तो उन्हें इस बात पर चिंतित नहीं होना चाहिए कि वे केवल छह घंटे की नींद ले पा रहे हैं। युवाओं को सबसे अधिक कम से कम नौ घंटे की नींद की आवश्यकता होती है और कुछ छोटे बच्चों को इससे भी अधिक की जरूरत हो सकती है। किशोरों और वयस्कों दोनों में, हमने पाया कि अनिद्रा और कम नींद के कारण तनाव, हार्मोन का स्तर और सूजन जैसी समस्याएं हो सकते हैं। आमतौर पर इस तरह के लक्षण हृदय रोग से पहले दिखाई देते हैं। कैफीन और शराब का कम सेवन, धूम्रपान न करना, नियमित रूप से व्यायाम, ये ऐसी आदतें हैं जो अच्छी नींद में मदद करते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोनः 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेलः haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइटः www.haribhoomi.com

दुनिया में ऐसी कई जगहें हैं जो या तो अपनी खूबसूरती के लिए जानी जाती हैं या फिर अपने अजीब हालात के लिए, लेकिन क्या आप ऐसे देश के बारे में जानते हैं जो वीरान होने के लिए जाना जाता है। जी हां, ये बात थोड़ी अजीब लग सकती है, लेकिन ये सच है। मंगोलिया एक ऐसा देश है जो इसलिए जाना जाता है क्योंकि यह एक रेगिस्तानी देश है।

# दुनिया का सबसे सूनसान कोना: चीन और रूस के बीच बसा यह देश है सबसे वीरान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दरअसल, इस देश की जनसंख्या बहुत कम है, इसलिए देश में प्रति वर्ग किलोमीटर दो लोग (प्रति वर्ग मील छह लोग) हैं। उत्तर-मध्य एशिया में स्थित यह विशाल और खूबसूरत देश अपने विशाल भूमि क्षेत्र की तुलना में कम जनसंख्या घनत्व के कारण 99.7 प्रतिशत खाली है।



## मंगोलिया में ये खास है


मंगोलिया का भौगोलिक क्षेत्र बहुत बड़ा और विविध है, जो लगभग 1.56 मिलियन वर्ग किलोमीटर को कवर करता है। यह देश चीन और रूस के बीच स्थित है। इसकी उत्तरी सीमा पर रूस और दक्षिणी सीमा पर चीन है। इसकी भौगोलिक स्थिति इसे एक महत्वपूर्ण क्षेत्रीय परिप्रेक्ष्य प्रदान करती है, लेकिन साथ ही यह देश अन्य देशों की तुलना में काफी उजाड़ है।

## मुख्य कारण मंगोलिया की जलवायु

दरअसल, इसके पीछे मुख्य कारण मंगोलिया की जलवायु है। देश में भीषण सर्दी के साथ शुष्क और ठंडी जलवायु है। यहां सर्दियों में तापमान -40 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है, जबकि गर्मियों में तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। मंगोलिया का मौसम आम तौर पर दो मौसमों में विभाजित होता है, गर्मी और सर्दी, और यहाँ वर्षा की मात्रा भी बहुत कम होती है।

## देश की जनसंख्या कितनी है?

मंगोलिया में जनसंख्या घनत्व बहुत कम है। देश की कुल जनसंख्या लगभग 30 लाख है और इसका जनसंख्या घनत्व केवल 2 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है। इसका एक बड़ा हिस्सा चरवाहे संस्कृति और खानाबदोश जीवन शैली से संबंधित है। इस देश में बहुत से लोगों की जीवनशैली पारंपरिक है और वे मुख्य रूप से खानाबदोश चरवाहों के रूप में रहते हैं।




## खनन, पशुपालन और कृषि से जीवन यापन

दूसरी ओर, मंगोलिया की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से खनन, पशुपालन और कृषि पर आधारित है। यह देश तांबा, कोयला और सोना जैसे खनिज संसाधनों से समृद्ध है। हालाँकि, देश की अपेक्षाकृत छोटी जनसंख्या और बड़े क्षेत्रफल के कारण इसकी अर्थव्यवस्था अन्य देशों की तुलना में कम विकसित है। बुनियादी ढांचे की कमी और मंगोलिया के दूरदराज के इलाकों की वीरानी इसे यात्रा करने के लिए बहुत कठिन जगह बनाती है।

## रोचक खबरें



### विश्व की सबसे पतली इमारतः इतनी पतली कि आप हैरान रह जाएंगे!

दुनिया में कई अजीब चीजें हैं लेकिन क्या आप जानते हैं कि दुनिया की सबसे पतली इमारत कहां है और यह इमारत कितनी मोटी है? इमारत इतनी पतली है कि तेज़ हवाओं में हिल जाती है। आज हम आपको दुनिया की सबसे पतली इमारत के बारे में बताएंगे।

विश्व की सबसे पतली इमारतः इतनी पतली कि आप हैरान रह जाएंगे!

**अमेरिका के मैनहट्टन में है स्टीनवे टॉवर :** आपको बता दें कि दुनिया की सबसे पतली इमारत अमेरिका के मैनहट्टन में है। इस इमारत का नाम स्टीनवे टॉवर है, इसकी ऊंचाई 1,428 फीट है। जानकारी के मुताबिक, यह टावर इतना पतला है कि तेज हवाओं में हिलने लगता है। इतना ही नहीं, 2015 में टावर के इंजीनियर रोवन विलियम्स-डेविस ने कहा था कि अगर हवा 100 मील प्रति घंटे की रफ्तार से चले, तो यह हिल भी सकता है। हालाँकि, टावर इस तरह से बनाया गया है कि इसके अंदर मौजूद लोगों को इसके बारे में पता नहीं चलता।

**करीब 9 साल में बनी 84 मंजिला बिल्डिंग :** अब सवाल ये है कि इस टावर में कितनी मंजिलें हैं. जानकारी के मुताबिक इस टावर में कुल 84 मंजिलें हैं. यह टावर करीब 9 साल में बनकर तैयार हुआ है और यह दुनिया के सबसे मजबूत कंक्रीट से बना है। यहां अपार्टमेंट बुक कराने वालों को पिछले साल ही पजेशन दे दिया गया था। कहा जाता है कि इस टावर का इंटीरियर इतना शानदार है कि कोई भी इसकी ओर आकर्षित हो सकता है।

### भूतिया चर्च! यहां आज भी सुनाई देती हैं चीखें... क्रिसमस पर इन चर्च में जाने की न करें भूल



**नई दिल्ली।** यूं तो दुनियाभर में हर जगह पर एक से बढ़कर एक सुंदर और प्राचीन चर्च बने हुई हैं। कुछ ऐसे अद्भुत चर्च हैं जो अपनी खासियत के लिए काफी प्रसिद्ध हैं। क्रिसमस ईसाई धर्म के लोगों का सबसे बड़ा त्योहार माना जाता है। क्या आपको पता है कि दुनिया में कुछ ऐसे 'भूतिया चर्च' भी हैं जहां भूलकर आपको कभी नहीं जाना चाहिए। ऐसा कहा जाता है कि यहां आज तक चीखों की आवाज सुनाई देती हैं। आइए जानते हैं देश के कुछ हंटेड चर्च के बारे में।

**थ्री किंग्स चैपल चर्च :** देश की भूतिया या डरवानी चर्च की बात की जाए तो सबसे पहले थ्री किंग्स चैपल चर्च का ही नाम आता है। यह गोवा में है। क्रिसमस के मौके पर दुनिया के हर कोने से पर्यटक गोवा घूमने पहुंचते हैं। अगर आप भी क्रिसमस पर गोवा जा रहे हैं तो इस चर्च में भूलकर भी ना जाएं। इसके बारे में कई डरावनी कहानियां फेमस हैं। ऐसा कहा जाता है कि यहां आज भी भूतों का वास है। लोगों का कहना है कि चर्च में तीन पुर्तगाली राजाओं की मौत हुई थी। ऐसी किवदंती है कि एक राजा ने यहां दो राजाओं को जहर देकर मार डाला था। तीसरे राजा ने इसके बाद आत्महत्या कर ली थी। तभी से उनकी आत्मा चर्च में भटक रही है।

### इस देश में मोटी दुल्हन को माना जाता है बेहद खूबसूरत, पतली लड़कियों को जबरन खिलाते हैं



आजकल हर कोई खूबसूरत, स्लिम और फिट दिखना पसंद करता है। लोग अपने बढ़े हुए वजन को कम करने के लिए एक्सरसाइज कर पसीना बहाते हैं। इसके साथ ही कई तरह के डाइट को भी लेते हैं। वहीं, आज के इस आधुनिक जमाने में ज्यादातर लड़के भी शादी के लिए पतली और फिट लड़कियों को ही पसंद करते हैं लेकिन दुनिया में एक ऐसा भी देश है जहां की लड़कियां अगर पतली होती हैं, तो उससे कोई शादी नहीं करता। इसलिए वहां की लड़कियों को बचपन से ही ज्यादा खान-पान पर ध्यान दिया जाता है जिससे वे काफी मोटी हो जाएं।

**मोटी लड़कियां घर में समृद्धि लाती हैं :** बता दें, अफ्रीकी देश मॉरिटानिया में लोगों को मोटी लड़कियां पसंद हैं। मॉरिटानिया के पुराने रीति-रिवाजों के अनुसार इस देश में लड़कियों की दौलत और प्रतिष्ठा बहुत ज्यादा देखी जाती हैं। यही कारण है कि इस देश में परिवार बहुत कम उम्र से ही लड़कियों को खाना खिलाना शुरू कर देते हैं ताकि जब वह बड़ी हो तो उसका वजन अच्छा हो जाए। इस देश के लोगों का ऐसा मानना है कि अगर लड़की मोटी है, तो उसे भी अच्छा पति मिलेगा। इस कारण से परिवार की लड़कियों को खाना खाने के लिए मजबूर होना पड़ता है ताकि वह शादी से पहले मोटी हो जाए। अफ्रीकी देश मॉरिटानिया में इस परंपरा को लैबलोउ कहा जाता है। लड़कियों को बचपन से ही उनका वजन बढ़ाने के लिए दूध, मक्खन और ऐसे पदार्थ दिए जाते हैं जिनमें सबसे ज्यादा पोषक तत्व होते हैं।

सफर

# ये हैं भारत की सबसे महंगी लग्जरी ट्रेनें, किराया लाखों में

किराया जहाज से भी कई गुना ज्यादा!

**आज के इस भागदौड़ भरी जिंदगी में हर कोई घूमने का शौकीन होता है। ऐसे में एक जगह से दूसरी जगह यात्रा करने के लिए ज्यादातर लोग रेलगाड़ी में सफर करना ही पसंद करते हैं**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अलग-अलग रेलवे में सफर करने के लिए हमें अलग-अलग टिकटों के दाम देने पड़ते हैं लेकिन क्या आप जानते हैं कि भारत की कुछ रेलगाड़ियां ऐसी भी हैं जिनके टिकट का दाम हजारों में नहीं बल्कि लाखों में हैं। इनकी सुविधाएं जानकार आप दंग रह जायेंगे। कुछ ऐसी ही लग्जरी और महंगी ट्रेनें हैं जिनमें बैठने का एक अलग ही अनुभव होता है।

**द गोल्डन चैरियट ट्रेन :** गोल्डन चैरियट एक लग्जरी और महंगी ट्रेन है। यह ट्रेन बेंगलुरु, हम्पी, बादामी, कोच्चि आदि जगहों को होकर जाती है। द गोल्डन चैरियट में सफर करने के लिए एक व्यक्ति का किराया करीब 2 लाख से लेकर 5 लाख रुपये तक लग



### महाराजा एक्सप्रेस ट्रेन

महाराजा एक्सप्रेस भारत के लग्जरी और महंगे ट्रेनों में से एक है, इस रेल में 12 कोचों में एक साथ केवल 88 यात्री बैठ सकते हैं। यह ट्रेन दिल्ली से लेकर राजस्थान तक स्थानों से होकर गुजरती है। इस ट्रेन में 4 दिन और 3 रातों के लिए डीलक्स केबिन का किराया एक व्यक्ति का करीब 2 लाख 80 रु है। यह खासतौर पर ट्रेन अक्टूबर से अप्रैल के बीच में चलती है। महाराजा एक्सप्रेस एक ऐसी ट्रेन है जिसे भारत की सबसे महंगी ट्रेनों में गिना जाता है।

### पैलेस ऑन व्हील्स ट्रेन

सेलेसा हैऑन व्हील्स ट्रेन भारत की पहली लग्ज़री ट्रेन है। इसे राजस्थान यात्री विकास निगम और भारतीय रेलवे ने मिलकर शुरू किया था। पैलेस ऑन व्हील्स सितंबर से अप्रैल के बीच चलती है। यह ट्रेन दिल्ली से जयपुर, उदयपुर, जैसलमेर और आगरा जगहों से होकर जाती है। पैलेस ऑन व्हील्स में एक व्यक्ति को 7 दिन की यात्रा करने के लिए 4.8 लाख रुपए का किराया लग सका है।



### द डेक्कन ओडिसी ट्रेन

द डेक्कन ओडिसी ट्रेन भारत के बेहतरीन ट्रेनों में से एक है, यह ट्रेन रत्नागिरी, गोवा, कोल्हापुर, नासिक, कृष्णा जगहों को कवर करते हुए वापस मुंबई आती है। इस ट्रेन को पैलेस ऑन व्हील्स का मॉडल पर तैयार किया गया है। द डेक्कन ओडिसी के डीलक्स केबिन का किराया प्रति व्यक्ति 9 लाख रुपये तक हो सकता है।

## दुनिया के इस देश में दौरा करने आए पर्यटकों को राष्ट्रपति खुद कराते हैं सैर...



आपने देखा या सुना होगा अगर कोई विदेशी पर्यटक भारत आता है तो उसे कई नियमों का पालन करना पड़ता है। हाल ही में भारत ने कनाडा से आने वाले नागरिकों के वीजा पर प्रतिबंध लगा दिया था। यानी अगर कोई कनाडा का व्यक्ति भारत आना चाहता है तो वो नहीं आ सकता लेकिन अन्य देश के लोग भारत आ सकते हैं। हालांकि उन्हें भारत के राष्ट्रपति से मिलने की इजाजत मिले ये ज़रूरी नहीं है। आज हम आपको एक ऐसे देश के बारे में बताने जा रहे हैं जहां घूमने आए लोगों के लिए राष्ट्रपति स्वयं अपने साथ घुमाते हैं और उनका स्वागत करते हैं।

**पूरे देश में रहते हैं 30 मनुष्य और 4 कुत्ते :** बता दें, केविन बॉघ एक स्व-घोषित राष्ट्र मोलोसिया गणराज्य पर दावा करते हैं. यह अमेरिका में नेवादा के पास स्थित है. जहां 30 मनुष्यों और 4 कुत्तों को मिलाकर कुल 34 प्रजातियां एक छोटे से देश की सीमा में बसती है। इसकी अपनी करेंसी वलोरा भी है। 2.28 एकड़ जमीन में फैले बैंक ऑफ मोलोसिया पूरे सिस्टम को चलाने के लिए चिपके हुए सिक्कों और मुद्रित नोटों का इस्तेमाल किया जाता है।

### युद्ध लड़ चुका है यह छोटा सा देश

सन 1990 के दशक में, मोलोसिया गणराज्य ने भी पूर्वी जर्मनी पर युद्ध की घोषणा की गई थी। साल 2006 में मोलोसिया गणराज्य एक अन्य अल्पसंख्यक, मुस्ताचेस्टन के साथ युद्ध में था, जिसमें केविन बॉघ ने जीत हासिल की और दंड के रूप में मुस्ताचेस्टन के शासक को जुर्माना देना पड़ा था। साल 2010 में इस छोटे से 'देश' का माइक्रोनेशन के साथ दूसरा युद्ध हुआ। मोलोसिया गणराज्य ने अपना राष्ट्रगान दो बार बदला। अब इसका झंडा नीले, सफेद और हरे रंग के तिरंगे डिजाइन में है।

## ट्विटर का विश्व-प्रसिद्ध चिड़िया वाला लोगो होने वाला है नीलाम, लाखों में लग सकती है कीमत

हम सभी ट्विटर को उसके विश्व प्रसिद्ध लोगो के जरिए पहचानते थे, जो नीले रंग की एक चिड़िया थी। हालांकि, 2022 में अरबपति एलन मस्क ने इस कंपनी को खरीद लिया और इसका नाम एक्स रख दिया। इसके बाद ट्विटर की चिड़िया कही खो-सी गई और लोग उसे भूलने लगे। हालांकि, अब ट्विटर का एक बड़े आकार का लोगो जल्द ही नीलाम होने वाला है। यह लोगो मार्केट स्ट्रीट पर स्थित ट्विटर के पूर्व मुख्यालय पर लगा रहता था।

**कब और कहां हो रही है इसकी नीलामी :** साल 2023 में ट्विटर ने अपने मुख्यालय में इस्तेमाल होने वाला फर्नीचर नीलाम किया था, जो अधिक कीमत पर बिका था। हालांकि, अब आरआर ऑक्शन्स नामक नीलामीघर चिड़यिा वाले लोगो की नीलामी का आयोजन करवा रहा है।



### खुद घर ले जाना होगा लोगो

यह लोगो 2023 में बिकने के बाद दोबारा नीलामी के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। इसका कुल आकार 12-फुट और 254 किलोग्राम है, इसीलिए इसे खरीदने वाले व्यक्ति को इसे अपने घर तक ले जाने का खर्चा खुद उठाना होगा। आरआर ऑक्शन्स की आधिकारिक वेबसाइट पर कहा गया है, ट्विटर का विशाल मूल 'पक्षी लोगो' चिन्ह, जो पहले कैलिफोर्निया के सैन फ्रांसिस्को स्थित कंपनी के मुख्यालय के किनारे लगा रहता था।

## हर 6 महीने में ये आईलैंड बदलता है अपनी राष्ट्रीयता

एक तरफ दुनिया भर में अपनी-अपनी सीमाओं को लेकर अक्सर विवादों की खबरें सामने आती रहती हैं। कहीं लकीरें खींची जा रही हैं तो कहीं युद्ध तक के हालात पैदा हो जाते हैं लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि दुनिया में एक ऐसा द्वीप भी है जो शांति का अनोखा उदाहरण पेश करता है। सबसे रोचक बात ये है कि 364 सालों से हर 6 महीने में ये आईलैंड अपनी राष्ट्रीयता बदलता है। जी हां, आपने सही पढ़ा। यह दुनिया की एक अनोखी मिसाल है जहां दो देशों के बीच इतने लंबे समय से एक ऐसा समझौता चल रहा है। इस समझौते की सबसे बड़ी बात यह है कि दोनों देशों के बीच इस द्वीप को लेकर कभी कोई युद्ध नहीं हुआ।

### फीजेंट द्वीप क्यों है इतना खास?

- यह द्वीप दोनों देशों के बीच सदियों पुराने संबंधों का प्रतीक है।
- दोनों देशों के बीच सहयोग और समझौते का एक बेहतरीन उदाहरण है।
- फीजेंट द्वीप हमें सिखाता है कि सीमाएं हमेशा विवाद का कारण नहीं होतीं।



### फीजेंट द्वीप से जुड़े रोचक तथ्य

हर साल 8 फरवरी को फ्रांस इस द्वीप पर अपना शासन शुरू करता है और 8 अगस्त को स्पेन इसे संभाल लेता है। यह द्वीप काफी छोटा है और इसमें रहने के लिए कोई स्थायी व्यवस्था नहीं है। फीजेंट द्वीप फ्रांस और स्पेन की सीमा पर स्थित बिदासो नदी के बीच में स्थित है। इस द्वीप पर कोई स्थायी निवासी नहीं है। यहां आने-जाने के लिए विशेष अनुमति की जरूरत होती है। इस द्वीप का इतिहास काफी समृद्ध है और यह दोनों देशों के बीच संबंधों का प्रतीक भी है।

उपलब्धि


तख्त श्री पटना साहिब गुरुद्वारे में गुरु गोबिंद सिंह जी का बिता है बचपन, सालभर यहां श्रद्धालुओं का लगा रहता है तांता

# ये भारत के मशहूर गुरुद्वारे, सदियों पुराना है इनका इतिहास

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


सदियों पुराने इतिहास से जुड़े भारत गुरुद्वारे विश्वभर में मशहूर हैं। गुरपुरब सहित अन्य दिनों में भी यहां हजारों लोग आते हैं। हम आपको भारत के प्रसिद्ध गुरुद्वारों के इतिहास के बारे में बताने जा रहे हैं जहां एक बार जरूर जाएं। यहां आपको गुरु का आशीर्वाद तो मिलेगा ही साथ ही यहां के नज़ारे देख आपकी यात्रा और भी खूबसूरत हो जाएगी। इन जगहों पर जिस तरह की शांति मिलती है वो आपको और दूसरी किसी जगह पर नहीं मिलेगी।

**गुरुद्वारा हरमिंदर साहिब या गोल्डन टेंपल :** पंजाब के अमृतसर में गोल्डन टेंपल के नाम से मशहूर इस गुरुद्वारे की नींव 1855 में गुरु अर्जन ने रखी थी और 1604 में यहां आदि ग्रंथ रखा गया। 19वीं शताब्दी में महाराजा रंजीत सिंह ने इस गुरुद्वारे पर सोने की परत चढ़ाई ताकि ये कभी खराब ना हो। इस गुरुद्वारे में 4 फ्लोर हैं जिनके बारे में ये कहा जाता है कि ये इस बात का प्रतीक हैं कि यहां हर धर्म के लोगों का स्वागत किया जाता है। गोल्डन टेंपल को स्वर्ण मंदिर और गुरुद्वारा हरमिंदर साहिब भी कहा जाता है।



### गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब

उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब की बहुत मान्यता है। ये गुरुद्वारा 7 पहाड़ों के बीच में बना है जहां बर्फीली झील भी है। सिखों का पवित्र तीर्थ धाम श्री हेमकुंड साहिब गुरुद्वारे के बारे में मान्यता है कि यहां श्री गुरु गोबिंद सिंह जो सिखों के 10वें और आखिरी गुरु थे उन्होंने पिछले जीवन में ध्यान साधना की थी और इस तरह उन्हेंने वर्तमान में जीवन लिया।



### गुरुद्वारा बंगला साहिब

भारत की राजधानी दिल्ली में गुरुद्वारा बंगला साहिब है जहां हर साल लाखों श्रद्धालू देश-विदेश से माथा टेकने आते हैं। ये गुरुद्वारा एक समय में जयपुर के महाराजा जयसिंह का बंगला हुआ हुआ करता था। कहा जाता है कि सिखों के आठवें गुरु, गुरु हरकिशन 17वीं 18वीं शताब्दी में दिल्ली आए उस समय चेचक नाम की महामारी से लोगों में हाहाकार मचा हुआ था तब गुरु के आशीर्वाद से उन्हें इस बंगले का जल पिलाया गया जिससे ये बीमारी ठीक होने लगी। तब से अब तक दूर-दूर से लोग ये अमृत रूपी जल चखने आते हैं। मान्यता है कि इस जल को ग्रहण करने से उनके जीवन का हर दर्द दूर हो जाता है।

### गुरुद्वारा श्री मट्टन साहिब

प्रसिद्ध गुरुद्वारा मट्टन साहिब सिखों का पावन तीर्थ स्थल है। ये गुरुद्वारा जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में स्थित है। कुछ लोग गुरुद्वारा मट्टन को गुरुद्वारा गुरु नानक साहिब भी कहते हैं। इस गुरुद्वारे के इतिहास के बारे में बात करें तो एक बार पंडित ब्रह्म दास को आता देख श्री गुरु नानक साहिब ने उसके अंदर की व्यथा को समझ लिया और उससे बात करने लगे। पंडित ब्रह्म दास खुद को बहुत विद्वान समझता था लेकिन जैसे ही उसने श्री गुरु नानक साहिब की बातें सुनीं वो उनके चरणों में आ गिरा। तभी से मान्यता है कि इस गुरुद्वारे में जो भी भटका हुआ आता है बाबा उसके सही मार्ग दिखाते हैं।

### तख्त श्री पटना साहिब गुरुद्वारा

तख्त श्री पटना साहिब गुरुद्वारा ना सिर्फ भारत बल्कि पाकिस्तान में भी बहुत मशहूर है। इसे सिखों के पांच पवित्र तख्तों में से एक माना जाता है। कहते हैं कि इसी गुरुद्वारे में गुरु गोबिंद सिंह जी का बचपन बिता है। उन्होंने यहीं जन्म लिया और गुरु नानक देव के साथ ही गुरु तेग बहादुर सिंह की कई पवित्र यात्राएं भी यहीं से होकर आगे बढ़ीं। इस गुरुद्वारे में सिर्फ सिख ही नहीं बल्कि हर धर्म के लोग आते हैं और सालभर यहां श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। अगर आप भारत के इतिहास को और करीब से समझना चाहते हैं या फिर आपको धर्म के प्रति बहुत आस्था है तो आपको ऐसी जगह घूमने के लिए जरूर जाना चाहिए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### सत्य...सार्थक...सर्वहित...

902 प्रति है। वहीं, दैनिक भास्कर 2 लाख 61 हजार 641 प्रतियों के साथ दूसरे और पत्रिका 1 लाख 30 हजार 845 प्रतियों के साथ तीसरे स्थान पर रहा है।उल्लेखनीय है कि दैनिक हरिभूमि स्थानीय हितों, पाठकों के सुख-दुख और हमेशा सच के साथ रहता आया है। हरिभूमि शहरों के साथ-साथ ग्रामीण पाठकों के बीच बेहद लोकप्रिय है। कई इलाके ऐसे हैं जहां लोग केवल हरिभूमि ही पढ़ा जाता है। पाठकों द्वारा खास, अलग, विशेष और एक्सक्लूसिव खबरें बेहद पसंद की जाती हैं। पाठकों से मिले प्यार का ही परिणाम है कि हरिभूमि प्रसार संख्या में अपने प्रतिद्वंदी समाचार पत्रों से काफी आगे है। **भास्कर के मुकाबले एक लाख से ज्यादा प्रतियां**-जहां दैनिक भास्कर प्रसार संख्या के मामले में हरिभूमि से एक लाख से ज्यादा प्रतियों से पीछे है, वहीं पत्रिका तो करीब ढाई लाख प्रतियां पीछे है। जुलाई से दिसंबर 2024 में हरिभूमि रायपुर और बिलासपुर संस्करण मिलाकर 3 लाख 74 हजार 904 प्रतियों के साथ पहले नंबर पर है। वहीं भास्कर 2 लाख 61 हजार 641 प्रतियों के साथ काफी पीछे है। पत्रिका हरिभूमि से बहुत ही ज्यादा पीछे है, उसकी प्रसार संख्या 1 लाख 30 हजार 845 ही है। हरिभूमि के मुकाबले पत्रिका करीब 2 लाख 44 हजार 59 प्रतियां कम हैं। रायपुर-बिलासपुर, दोनों संस्करणों में प्रसार ज्यादा ताजा रिपोर्ट में हरिभूमि के रायपुर संस्करण की प्रसार संख्या जहां 2 लाख 40 हजार 474 है, वहीं बिलासपुर संस्करण की प्रसार संख्या 1 लाख 34 हजार 430 है। इसके मुकाबले भास्कर, रायपुर संस्करण की प्रसार संख्या 1 लाख 91 हजार 241 और बिलासपुर की महज 70 हजार 400 है। वहीं, पत्रिका, रायपुर की प्रसार संख्या 92 हजार 894 और बिलासपुर की महज 37 हजार 951 है।

### लगातार बढ़ रहा...

जुलाई से दिसंबर में बढ़कर 2 लाख 40 हजार 474 हो गई। इस तरह रायपुर संस्करण में 9 हजार 401 प्रतियों का इजाफा हुआ है। इसी तरह बिलासपुर संस्करण जनवरी से जून 2024 में 1 लाख 29 हजार 105 प्रतियों के साथ अग्रणी बना हुआ था। जुलाई से दिसंबर छमाही में बिलासपुर संस्करण की प्रसार संख्या 1 लाख 34 हजार 430 हो गई। इस तरह बिलासपुर संस्करण में भी 5 हजार 325 प्रतियों का इजाफा हुआ। जनवरी से दिसंबर के बीच देखें तो छत्तीसगढ़ में हरिभूमि की प्रसार संख्या 14 हजार 726 बढ़ गई। यह साबित करता है कि पाठकों के बीच अभी भी विश्वसनीयता के लिहाज से हरिभूमि लगातार लोकप्रिय हो रहा है और प्रकाशित खबरों को प्रमाणिक मानते हैं।

### निरक्षर से साक्षर...

दिलाने पहुंचे। स्कूल शिक्षा विभाग और राज्य साक्षरता मिशन के अंतर्गत यह परीक्षा हुई। **मोहला : स्कूली छात्रों व शिक्षकों ने हल किए प्रश्न पत्र-**
मोहला में बुजुर्ग महिला-पुरुष तथा ग्रामीण परीक्षार्थी निरीक्षर बन के परीक्षा केंद्रों में बैठे रहे। स्कूली छात्रों तथा शिक्षकों ने 150 अंकों वाले प्रश्नपत्र को हल किया। इस इस तरह असाक्षर लोगों को साक्षर बनाने की सरकार की परिकल्पना मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के परीक्षा केन्द्रों में धरी की धरी रह गई और सभी परीक्षार्थियों को कागजों में पास कर दिया गया। मटेवा, ककईपार, दुग्गाटोला, अडमागोंदी आदि जिलेभर के परीक्षा केन्द्रों में 15 से 75 साल तक के परीक्षार्थी कुर्सी-टेबल में पेन, पेंसिल पकड़कर बैठे हुए थे। स्टिंग में सामने आया कि परीक्षा केंद्र पहुंचे ग्रामीणों का पेपर पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं हल करने मे लगे हुए थे। मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में 11 परीक्षार्थियों का पंजीयन हुआ था, जिसमें जिले भर से 9546 निरीक्षरों ने साक्षर होने पहुंचे। **जांजगीर : दिनभर परीक्षार्थियों का इंतजार**-जांजगीर चांपा में परीक्षा के दौरान अधिकतर केंद्रों में पूरे दिन वीरानी छाई रही और नवसाक्षरों के आने का इंतजार होता रहा। जिले के पामगढ़ ब्लॉक के डोंगा कोहरौद केंद्र में तकरीबन 50 लोगो को शामिल होना था, लेकिन गिनती के कुछ लोग ही परीक्षा में शामिल हुए। यही स्थिति पूर्व माध्यमिक शाला नवागढ़ कोटिया और पेंडरी के केंद्रों में भी रही। पामगढ़ शासकीय प्राथमिक शाला पिछडा वर्ग मोहल्ला मे 45 नवसाक्षरों को परीक्षा महा अभियान में शामिल होना था, लेकिन 14 ही उपस्थित हुए। इसी प्रकार बोरसी में 84 लोगों को परीक्षा दिलानी थी, लेकिन 27 लोग ही परीक्षा दिलाने पहुंचे थे।

### कोरबा : टारगेट...

में नव साक्षर मिले जिन्हें राज्य शासन के पोर्टल में दर्ज किया गया। परीक्षा सुबह 10 बजे से 5 बजे तक ली गई। परीक्षा के दिन ही प्रश्नपत्र की चेकिंग कर परिणाम घोषित किए गए।

### नवनिर्वाचित महिला...

में शिक्षार्थी में से कांति, जानकी और कौशल्या साहू आपस में देवरानी जेठानी है, जो एक ही परिवार से हैं। जानकी साहू एक मुक बधिर शिक्षार्थी है, वहीं भीमबाई यादव दृष्टिबाधित शिक्षार्थी है। इसी तरह शासकीय प्राथमिक शाला खाती में दर्ज 15 शिक्षार्थी में से 60 वर्षीय बिमला और 45 वर्षीय रानी बाई आपस में सास-बहू है जो शिक्षार्थी के रूप में परीक्षा दिलाने पहुंची, सास बहू ने इस दौरान हिचक के अक्षर ज्ञान को प्रदर्शित किया। ग्राम पंचायत प्रतापपुर की नवनिर्वाचित महिला सरपंच कलिंद्री सिवारे गांव के शासकीय प्राथमिक शाला प्रतापपुर में एक परीक्षार्थी के रूप में शामिल हुई।

### पहले ब्लास्ट, फिर...

पार्टी रवाना कर दी गई है। पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया गया है। नक्सलियों द्वारा भोपालपट्टनम नेशनल हाईवे पर नक्सलियों ने बड़ा हमला किया है। विस्फोट के तुरंत बाद नक्सलियों ने जवानों पर अंधाधुंध फायरिंग भी की। इस फायरिंग में छर्रा लगने से कुछ जवानों को चोट आई है। जिन्हे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।**कोई गंभीर नुकसान नहीं: आईजी**-आईजी सुंदरराज पी ने घटना की पुष्टि करते बताया कि शाम लगभग 6 बजे नक्सल अभियान के वापसी के दौरान नक्सलियों ने एसटीएफ के वाहन को निशाना बनाते हुए आईईडी ब्लास्ट किया। इस हमले में कुछ जवानों को आंशिक चोट आई है, पर कोई गंभीर क्षति नहीं हुई है। ब्लास्ट में वाहन चालक समेत दो जवानों को मामूली चोट आई है। जिन्हें मद्देड़ स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल बीजापुर में भर्ती कराया गया है।

### छत्तीसगढ़ समेत 17...

के असर से खासकर उत्तर छत्तीसगढ़ में आंधी व बारिश का दौर चल रहा है। छत्तीसगढ़ में मौसम विभाग ने बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। उत्तर और दक्षिण छत्तीसगढ़, विशेष रूप से बस्तर और सरगुजा संभाग के कुछ जिलों में तेज अंधड़, वज्रपात और हल्की बारिश होने की संभावना जताई गई है।

### पहले घर के...

इधर, वायरल वीडियो को देख पता चला कि वो 500 के जले हुए नोट थे। उन नोट्स के मिलने के बाद से ही फिर विवाद शुरू हो गया। एक दिन पहले इस मामले में सीजेआई संजीव खन्ना ने कड़ा रुख अपनाते हुए जांच बैठा दी है, तीन सदस्यों की एक टीम का गठन किया गया है। इसके ऊपर सुप्रीम कोर्ट ने एक जस्टिस वर्मा के घर का एक वीडियो भी जारी किया है, उस वीडियो में नोटों का पूरा बंडल दिखाई पड़ रहा है। यह अलग बात है कि जस्टिस वर्मा ने इस पूरी घटना को ही एक साजिश बता दिया है, उन नोटों से अपना कोई नाता नहीं बताया है। जानकारी के लिए बता दें कि 14 मार्च की रात लगभग 11.35 बजे न्यायमूर्ति वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित आवास में आग लगने के बाद फायरब्रिगेड कर्मचारी आग बुझाने पहुंचे थे। इस दौरान वहां कथित तौर पर बड़ी मात्रा में नकदी मिली थी। उस नकदी के बाद ही सवाल उठे थे कि इतना पैसा जस्टिस वर्मा के पास कहां से आया। तब दिल्ली हाई कोर्ट ने उन्हें वापस इलाहाबाद हाई कोर्ट भेजने का प्रस्ताव भी रख दिया था। लेकिन अभी के लिए मामले की जांच जारी है, नोटों की गुत्थी सुलझाने की कोशिश हो रही है।**पुलिस से मांगी जानकारी**-दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय ने 22 मार्च को सुप्रीम कोर्ट को भेजी रिपोर्ट में बताया कि सीजेआई के निर्देशानुसार पिछले छह महीने में यशवंत वर्मा की रजिस्ट्री में तैनात कर्मियों के साथ-साथ निजी सुरक्षा कर्मियों और आवास पर तैनात सुरक्षा कर्मियों की जानकारी उपलब्ध कराने के संबंध में पुलिस उपायुक्त (सुरक्षा) को पत्र लिखा गया है। पुलिस उपायुक्त को एक सितंबर 2024 से अब तक जस्टिस वर्मा के साथ तैनात कर्मियों की जानकारी उपलब्ध कराने को कहा गया है, जैसे ही जानकारी उपलब्ध होगी, उसे आगे भेज दिया जाएगा।

### न्यायमूर्ति रजनी दुबे...

(बैकुंठपुर) सिविल डिस्ट्रिक्ट का पोर्टफोलियो जज बनाया गया है। इसके साथ ही न्यायमूर्ति सचिन सिंह राजपूत को कोंडागांव एवं मुंगेली, न्यायमूर्ति राकेश मोहन पांडे को बलौदाबाजार एवं बस्तर (जगदलपुर), न्यायमूर्ति राधाकिशन अग्रवाल को बलरामपुर एवं रामानुजगंज, न्यायमूर्ति संजय कुमार जायसवाल को सरगुजा (अंबिकापुर), न्यायमूर्ति रवीन्द्र कुमार अग्रवाल को जशपुर, न्यायमूर्ति अरविन्द कुमार वर्मा को सूरजपुर, न्यायमूर्ति बिभु दत्त गुरु को दक्षिण बस्तर (दंतेवाड़ा) और न्यायमूर्ति अमितेन्द्र किशोर प्रसाद को उत्तर बस्तर (कांकेर) सिविल डिस्ट्रिक्ट का प्रभार सौंपा है।

### बार और बेंच...

प्रभार वाले जिले में बार और बेंच के बीच समन्वय स्थापित करने के साथ ही वकीलों की समस्याओं का निराकरण भी करेंगे। बार की तरफ से आने वाले सुझाव पर अमल भी कराएंगे हैं। न्यायालयीन कामकाज पर लगातार नजर भी रखते हैं।

इसके अलावा कोर्ट परिसर में नए भवन या अन्य निर्माण कार्य को लेकर इनकी सहमति जरूरी रहती है।

### देश में छत्तीसगढ़...

भी गए थे। देश के राष्ट्रपति आमतौर पर कभी भी किसी भी विधानसभा में नहीं जाते। वे लोकसभा, राज्यसभा या फिर किसी संयुक्त अधिवेशन में ही जाकर संबोधित करते हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ विधानसभा ने इस परंपरा को बदलने का काम किया। छत्तीसगढ़ 2000 में नया राज्य बना था। इसके बाद पहले मुख्यमंत्री कांग्रेस के अजीत जोगी बने। 2003 में विधानसभा चुनाव हुआ तो यहां पर भाजपा की सरकार बनी और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह और विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय बने।**पुरा योजना था कलाम का सपना**-श्री कलाम ने जब छत्तीसगढ़ में सदन को संबोधित किया तो पुरा योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिस समय पुरा योजना शुरू करने की बात कही जा रही थी, उस समय बड़ा सवाल यही था कि इस योजना के लिए धनराशि कहां से आएगी। आखिरकार हुआ भी यही। पुरा के लिए धन की कमी की वजह से इसका क्रियान्वयन नहीं हो सका। यह योजना गांवों के समूह बनाकर उनका विकास शहरों की तरह करने की थी। **बकतरा में पुरा कॉम्प्लेक्स का भूमिपूजन भी किया था**-आरंग तहसील के ग्राम बकतरा और आसपास के 22 गांवों को श्री कलाम वाइब्रेंट पुरा प्रोजेक्ट के रूप में डेवलप करना चाहते थे। उन्होंने बकतरा में पुरा कॉम्प्लेक्स का भूमिपूजन भी किया था।

### छत्तीसगढ़ के आमंत्रण...

विधायकों को संबोधित नहीं किया था, लेकिन श्री कलाम छत्तीसगढ़ पहुंचे और यहां पर 28 जनवरी 2004 को विधानसभा में विधायकों को संबोधित किया, साथ ही कई बातें भी बताईं। उनका बस्तर से बड़ा लगाव था, वे बस्तर आते थे और साइकिल पर भी घूमते थे, यह बात उन्होंने खुद विधानसभा में बताई थी।

### छग ने रचा...

भी थे। वह ऐतिहासिक दिन था, जिसके हम सब साक्षी बने थे। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बाद ही राष्ट्रपति का बिहार और मप्र की विधानसभा में जाना हुआ था।

### राष्ट्रपति मुर्मू आज...

स्वागत औपचारिकता के बाद वे सीधे छत्तीसगढ़ विधानसभा के लिए रवाना होंगी, जहां वे सुबह 11 बजे पहुंचेंगी। विधानसभा परिसर में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा, जिसके बाद वे सभी विधायकों के साथ एक समूह चित्र (ग्रुप फोटो) में शामिल होंगी। इसके बाद राष्ट्रपति विधानसभा के सदस्यों को संबोधित करेंगी। यह संबोधन छत्तीसगढ़ विधानसभा के 25 वर्ष पूरे होने के ऐतिहासिक अवसर पर आयोजित 'विधायकों को उद्बोधन' कार्यक्रम का हिस्सा होगा।

### राष्ट्रपति का दौरा...

सुरक्षा का जिम्मा रायपुर आईजी को सौंपा गया है। जहां वे वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों और करीब 600 पुलिसकर्मियों के साथ तैनात रहेंगे। राष्ट्रपति के आगमन से पहले ही छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन और रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने राष्ट्रपति के आगमन से पहले विधानसभा परिसर का निरीक्षण किया और सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि इस ऐतिहासिक अवसर को भव्य और सुचारू रूप से संपन्न कराया जाए।

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। अष्टविनायक हॉस्पिटल — आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव — बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन) — आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

मोतियाबिंद — आयुष्मान कार्ड सुविधा — SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल — छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी सुखौना टेबलेट — 20 वर्षों से प्रसिद्ध — HMS देखकर खरीदें — 94060-21769
घमंडी - दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100, 9754263022

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** कपड़े की दुकान में कार्य करने के लिए अनुभवी हेल्पर एवं सेल्समेन लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- नेमा कम्पनी सिटी कोतवाली के सामने बिलासपुर 7898958865 **(37189)**

**आवश्यकता है-** मल्टीनेशनल कंपनी में एसी, टीवी, फ्रीज, टेक्नीशियन-15, हेल्पर 15 संपर्क करें आदिनाथ परिसर, गंगा नगर सेक्टर 2, मंगला चौक बिलासपुर 9131514165, 8817871834 **(37190)**

**आवश्यकता है-** सर्वमंगला टेन्ट हाउस में कार्य हेतु मैनेजर, लड़कों एवं अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- कुम्हारपारा रोड राजीव गांधी चौक बिलासपुर 62602 73334, 9826601147 **(37192)**

**आवश्यकता है-**JCB 3DX मशीन, AJAX सीमेंट कंक्रीट मिक्सर मशीन, वाइब्रो रोलर, मेंटेनेंस हेतु मिस्त्री मैकेनिक इंजीनियर ड्राइवर ऑपरेटर और ट्रक स्विफ्ट चलाने हेतु ड्राइवर की। सम्पर्क करें- बिलासपुर 9669211111, 9827175811, 8602111111 **(37171)**

**आवश्यकता है-** सुपर बाजार में कार्य करने हेतु स्मार्ट, अनुभवी युवक, युवतियों की आवश्यकता है आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- जय भोले सुपर बाजार कारगिल चौक के पास सिन्धी कालोनी बिलासपुर 7000762795 **(37180)**

**आवश्यकता है-** एक अनुभवी कार ड्राइवर की आवश्यकता है वैध लाईसेन्स अनिवार्य वेतन 8000/- प्रतिमाह मिलने का समय सुबह 8 से शाम 5 बजे तक सम्पर्क 9407901305 **(37182)**

**आवश्यकता है-** थोक दवा दुकान में आर्डर बुकिंग, पेमेंट कलेक्शन हेतु सेल्समैन की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता वेतन 12000 सम्पर्क करें- नितिन मेडिकल एजेन्सी 34, मेडिकल कांप्लेक्स तेलीपारा, बिलासपुर 9827497711 **(37186)**

**आवश्यकता है-** सलवार सूट ब्लाउज गाउन कटिंग करके सिलाई करने वाले कारीगर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- परफेक्ट बुटिक मुंगेली नाका अमृत तुल्य चाय के बाजू में 7389444785 **(37177)**

**आवश्यकता है-**फील्ड साइड मैनेजर, कम्प्यूटर कार्य एवं हिंदी टाइपिंग, ऑफिस वर्क हेतु एवं घरेलू कार्य, वृद्ध महिला की देखभाल हेतु महिला तथा अनुभवी कार ड्राइवर की। सम्पर्क करें- 8120879158, 7000741112 **(37175)**

**आवश्यकता है-** सम्मान संकल्प समिति बिलासपुर संविदा आधार पर M&E कम एकाउंटेंट-1,योग्यता- बीकॉम/ एमकॉम, PGDCA वेतन 16000/- परामर्शदाता- 1, योग्यता एमए, समाज शास्त्र, MSW, कम्प्यूटर वेतन 16000 आउटरीच वर्कर-4, योग्यता स्नातक, 12वीं, कम्प्यूटर वेतन 10500/- साक्षात्कार 28/03/25 समय 11बजे पता- सम्मान संकल्प समिति लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना (HIV/ AIDS) भारतीय नगर तैय्यब मस्जिद के सामने बिलासपुर 70007 02131, 9827492893 **(37179)**

**आवश्यकता है-**इनोवा ड्राइवर की आवश्यकता है अनुभवी, शिक्षित एवं नशा मुक्त, पत्नी के लिए भी काम, रहने का घर उपलब्ध है। सम्पर्क करें- विद्याचरण वर्मा 7000785661 **(37165)**

**आवश्यकता है-**स्पोर्ट्स शोरूम में काम करने के लिए अनुभवी लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें-श्री लक्ष्मी स्पोर्ट्स गोड़पारा बिलासपुर **(37158)**

**आवश्यकता है-** ऑफिस में एकाउंटिंग कार्य करने हेतु अनुभवी एकाउंटेंट 2 पदों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- स्टार ऑफिस तिफरा बिलासपुर 9630555855 **(37163)**

**आवश्यकता है-**नर्सिंग स्टाफ की आवश्यकता है योग्यता बीएससी नर्सिंग मिलने का समय दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक भार्गव यूरोलॉजी सेंटर गौरव पथ रिंगरोड नं. 2 मंगला चौक बिलासपुर 73894 39337 **(37161)**

**आवश्यकता है-** कपड़े दुकान में काम करने हेतु बिलिंग, पैकिंग, रिसेप्शनिस्ट, पैंट्री, सहायक पद हेतु योग्य युवक/ युवती की आवश्यकता है। बायोडाटा सहित संपर्क करें। वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें:- शिखा सिल्क, श्री राम क्लॉथ मार्केट बिलासपुर (छ.ग.) 9981531694, 8319239388 **(37183)**

**आवश्यकता है-**मेडिकल एजेन्सी में सेल्समैन एवं MR की आवश्यकता है अनुभवी व्यक्ति ही सम्पर्क करें- BBR मेडिकल एजेन्सी आजाद चौक देवरीखुर्द बिलासपुर 93003 50714 **(37160)**

**आवश्यकता है-**छड़ एवं सीमेंट दुकान में कार्य करने हेतु मेहनती लड़कों एवं ट्रैक्टर ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- ममता ट्रेडर्स मोपका बिलासपुर 9300307926, 9993443207 **(37170)**

**आवश्यकता है-** सुपर मार्केट में पैकिंग हेल्पर (Boys) (समय 9.30 से 8) सैलरी 6000 से 9000 अनुभवी को प्राथमिकता पता- फॉर्मर्स प्राइड ऑर्गेनिक स्टोर मेन रोड नेचरसिटी गेट, सकरी 7225849081, 7987551332 **(37166)**

**आवश्यकता है-**गिफ्ट और खिलौना दुकान में काम करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- हिन्दुस्तान टॉयज तेलीपारा बिलासपुर 9827186198 **(37164)**

**आवश्यकता है-**हॉटेल में हाउस कीपिंग स्टाफ, सेल्स मैनेजर अथवा रिसेप्शनिस्ट की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- हॉटेल शिवनेरी, सीएमडी कॉलेज ग्राउंड के सामने (गली में) लिंक रोड, बिलासपुर 77768 64202 **(37173)**

**आवश्यकता है-** हॉस्पीटल में साफ सफाई हेतु महिला कर्मी (आया/ हाउस कीपिंग) की आवश्यकता है जो नाइट ड्यूटी भी करने की इच्छुक हो सम्पर्क करें- इन्दु चौक के पास बिलासपुर 9425899221, 9827166240 **(37168)**

**आवश्यकता है-**ऑफिस कार्य के लिये जानकार कम्प्यूटर आपरेटर व फोटोकापी हेतु लड़के की आवश्यकता है संपर्क करें गगन फ्लैक्स 27 खोली चौक बिलासपुर 90399 68650, 9425535104 **(37148)**

**आवश्यकता है-** रीयल एस्टेट कंपनी मे कार्य करने हेतु अनुभवी सेल्स स्टाफ साइट सुपरवाइजर (सिविल), एकाउंटेंट ड्राइवर, प्यून एवं चौकीदार की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार संपर्क: 8839002378 राज किशोर नगर, बजरंग चौक, बिलासपुर **(3386 )**

**आवश्यकता है-**बच्चा संभालने हेतु 24 घंटे की बाई (लड़की) चाहिये। रहना एवं खाना दिया जाएगा। स्थान तेलीबांधा रायपुर सम्पर्क करे- 9575042814 **(3378)**

**आवश्यकता है-**साड़ी शोरूम में कार्य हेतु लड़के चाहिए सेल्समेन वेतन 14000+ 1%, हेल्पर वेतन 8000 नोट- रिटेल साड़ी शोरूम में सीखे हुए 18 से 30वर्ष के लड़के ही सम्पर्क करें-9691342085 **(37151)**

**आवश्यकता है-** आफिस में स्टाक लिखने, निकालने हेतु लड़कियां-2, सेल्स हेतु लड़के-2, वैन में डिलीवरी हेतु लड़के-2 की। वेतन योग्यतानुसार पता- NT& Sons दीनदयाल गार्डन के पास, व्यापार विहार बिलासपुर 07752411422, 930124222 **(37152)**

**आवश्यकता है-**फैक्ट्री होटल हेतु सुपरवाइजर, सुरक्षागार्ड, लेडीगार्ड, मार्केटिंग अधिकारी योग्यता 10वीं, स्नातकोत्तर गार्ड ऊंचाई 5'7" वेतन 12000 से 15000 सम्पर्क-Alert SGS Private Limited, 434, चतुर्थ तल, प्रोग्रेसिव पॉइंट लालपुर रायपुर 77460 00016, 8720005500 **(3160)**

**आवश्यकता है-** UTN शॉप में मार्केटिंग हेतु सेल्स एक्जीक्यूटिव 5, लीडर- 5 ट्रेनर- 7 लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है पता- शॉप नम्बर FS16, प्रथम तल, सीएलसी प्लाजा मंगला चौक बिलासपुर 7806007192, 7999594790 **(37122)**

**आवश्यकता है-**ट्रेक्टर ट्राली, वाटर टेंकर एवं अन्य कृषि उपकरण बनाने के लिए अनुभवी मिस्त्री या ठेकेदार की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 98276 83510, 9827892413 **(37155)**

**आवश्यकता है-**(1) कार ड्राइवर (2) अकाउंटेंट/ ऑफिस गर्ल (अनुभवी) की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- श्रीबालाजी कंस्ट्रक्शन्स बिलासपुर 7974086925, 9907925045 **(37156)**

**आवश्यकता है-** ऑफिस में कार्य करने हेतु लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें- मैग्नेटो मॉल साईं मंदिर के पास 8817571731 **(3381)**

**आवश्यकता है-** दुकान में काम करने के लिए लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है वेतन 8000 सम्पर्क करें- गुप्ता अम्ब्रेला, गुप्ता लॉज के बाजू में जगदीश होटल के सामने गोल बाजार बिलासपुर **(37140)**

**आवश्यकता है-** मैट्रिमोनी में टेली कॉलिंग हेतु महिलाओं व युवतियों की आवश्यकता है संपर्क करें-8962460067 **(3376)**

**आवश्यकता है-** कपड़े दुकान में काम करने हेतु स्टोर मैनेजर, HR मैनेजर, रिसेप्शनिस्ट, सहायक, पैंट्री, सफाई विभाग पद हेतु योग्य युवक/ युवती की आवश्यकता है। बायोडाटा सहित संपर्क करें। वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें:- वसंत साड़ी सेंटर, सदर बाजार, बिलासपुर (छ.ग.) 8305284014, 79870 65573 **(37184)**

**आवश्यकता है-**तत्काल भर्ती सुरक्षा गार्ड- 50 सुपरवाइजर- 5 चाहिए 10वी पास हाईट 5'-7" रायगढ़, खरसीया, बिलासपुर के लिए आवास फ्री वेतन 9000 से 15000 (PF, ESIC सुविधा) सम्पर्क करें- 8461881111, 91254 14662 **(37100)**

**आवश्यकता है-** नौकरी ही नौकरी तहसील स्तरीय भर्ती पद संख्या 975 वनरक्षक फील्ड ऑफिसर माली सिपाही ड्राइवर वेतन 27500+52400 तक आवेदन करने के लिए आधार कार्ड मार्कशीट पैन कार्ड व्हाट्सएप करे 7460994309 **(733)**

**आवश्यकता है-** कालका रिपेयर कंप्यूटर सर्विसेज मे 1 फीमेल रिसेप्शनिस्ट, 1 फीमेल अकाउंटेंट की, योग्यता B.Com ग्रेजुएट, 1 कंप्यूटर हार्डवेयर इंजीनियर, संपर्कः- कालका रिपेयर, शॉप No-07, सेकंड फ्लोर, बजरंग कॉम्प्लेक्स पुराना बसस्टैंड बिलासपुर 07752-434025 **(3377)**

**आवश्यकता है-**लवली ड्रेसेस सीएमडी कालेज के साथ लिंक रोड, बिलासपुर में काम करने के लिए सेल्समैन एवं सेल्सगर्ल की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 9893361111, 7000103010 **(37169)**

**आवश्यकता है-** रेडीमेड शोरूम में 3वर्ष के पुराने अनुभवी पुरुष सेल्समैन की आवश्यकता है वेतन 12000 से शुरू सम्पर्क करें- नेशनल होजियरी NX सदर बाजार बिलासपुर **(37191)**

**आवश्यकता है-**Fraud call से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घर बैठे पार्ट/ फुल टाईम SMS जॉब करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए 15000-45000 महिना लैपटॉप+ मोबाइल मुफ्त Call/ Whats App/ SMS करें 07903284986 **(736)**

**आवश्यकता है-**बिलासपुर, जांजगीर, रायगढ़ जिलों में सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, गनमैन की आवश्यकता है। PF, ESIC मेडिकल आवास सुविधा फ्री सम्पर्क करें- सिद्धी विनायक सिक्यूरिटी राजेन्द्र नगर बिलासपुर 91099 30584, 9300803366 **(37104)**

**आवश्यकता है-**कम्प्यूटर शॉप में काम करने के लिए लड़का/ लड़की की आवश्यकता है अनुभवी लड़के, लड़की को प्राथमिकता सम्पर्क करें- ब्लू डॉल्फिन कम्प्यूटर, राजा नर्सरी के सामने मगरपारा रोड, बिलासपुर 7000721369 **(37131)**

**आवश्यकता है-**फर्नीचर शोरूम में लड़के, लड़कियों की। आधार कार्ड की फोटोकॉपी सहित सम्पर्क करें- दोप. 12 से 5 बजे, सुधा सेल्स, सत्या शोरूम के बाजू में, नूतन चौक, सरकण्डा, बिलासपुर 9630626856 **(37134)**

**आवश्यकता है-**चुस्की चाय में पैकिंग कार्य हेतु लेडिस/ लड़कियों लेबर कार्य हेतु पुरुष एवं ड्राइवर की जरूरत है। संपर्क करें- SBI एटीएम के सामने आकृति विहार अम्ली डीह रायपुर 74699 80000, 07714075490 **(7062)**

**आवश्यकता है-**श्याम इंटरप्राइजेज में ऑनलाइन ईकॉमर्स कम्प्यूटर वर्क हेतु 20 से 25वर्ष के लड़के/ लड़कियां चाहिए। सम्पर्क करें- 10 से 7बजे तक साइंस कॉलेज के पास सीपत रोड, सरकंडा बिलासपुर 7587203133 **(3373)**

**आवश्यकता है-**ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों एवं महिलाओं की आवश्यकता है, उम्र 18 से 30 साल तक संपर्क करे ऑफिस टाइम 10 से 5:30 नूतन चौक अथर्व हॉस्पिटल के पास 9201508721 **(3387)**

**आवश्यकता है-**इंदौर मध्यप्रदेश मे रहकर ऑफिस कार्य करने हेतु अविवाहित लड़को की आवश्यकता है सैलेरी 10000 रहना खाना ट्रैवलिंग फ्री नियुक्ति फ्री सम्पर्क करे-9575712101, 7389318055 **(305)**

**आवश्यकता है-**ऑफिस में कार्य करने हेतु लड़कियों की आवश्यकता है उम्र 18 से 28 वर्ष, सैलरी योग्यता अनुसार संपर्क करें- होली क्रॉस स्कूल के पास मंगला चौक बिलासपुर 7000322273 **(3380)**

**आवश्यकता है-**बिलासपुर की निर्माणाधीन कालोनी मे सिविल कॉन्ट्रैक्टर की आवश्यकता है (1) ईट जोड़ाई कार्य-10 (2) मकान प्लास्टर -15 (3) शटरिंग-10 (4) लोहार-10 संपर्क करें-79992 45462, 7970010956, 7970010973 **(3379)**

## बेचना है

**बेचना है-**कैरीअर मीडिया 2019 model 2 tonne/ 4 tonne Cassette AC एवं लकड़ीके हैंगर ब्लैक मैनेक्विन संपर्क करे- 9584199929 **(3375)**

**बेचना है-** मंगला चौंक के पास अंडर कंस्ट्रक्शन मकान, प्लॉट बेचना है 2/3/4/5 BHK मेन रोड से 200 मीटर अंदर आकाश मार्ग व शांति नगर मे उपलब्ध है सम्पर्क करे- 9201544501, 96856 53332 **(37187)**

**बेचना है-**महामाया रेसीडेन्सी कालोनी कोनी स्थित 3 मंजिल भवन, 4 बेड रूम, 2 हाल, किचन, 5 टायलेट यूटीलिटी शीघ्र बेचना है सम्पर्क करें 7049009079, 91370 42727 **(37162)**

**बेचना है-**हर्ष- फिनिक्ससिटी पूर्ण विकसित कालोनी वार्ड-49, बीआर यादव नगर, बिजौर बिलासपुर विभिन्न साइज लेआउट प्लाट, 3BHK डुप्लेक्स बंगलो, 2/3BHK अफॉर्डेबल फ्लैट, T&C रेरा रजिस्टर्ड। सम्पर्क- एसके बिल्डर्स & डेवलपर्स 88394 55596, 7697644444 **(36177)**

**बेचना है-** नेहरू चौक से 320 मीटर दूर स्थित इंजीनियर कॉलोनी में 2160 वर्गफुट जमीन पर 1361 वर्गफुट में बना मकान मूल्य 72 लाख शीघ्र बेचना है। खरीददार ही सम्पर्क 8770134858 **(37188)**

**बेचना है-**रायपुर रोड, हाईकोर्ट के सामने, मेन रोड से 50 मीटर अन्दर न्यू एयरपोर्ट रोड, बोदरी में 50×200= 10000 वर्गफीट व्यावसायिक डायवर्सन, बाउन्ड्रीवाल सहित प्लाट बेचना है। सम्पर्क करें- 93003 10774 **(37093)**

**बेचना है-** बिलासपुर मोपका में सेन्दरी बायपास चौक में 60×100= 6000 वर्गफुट डबल रोड वाला एक शानदार डायवर्टेड आवासीय प्लाट एवं रायपुर रोड से LCIT कालेज रोड में चिचिरदा डामर रोड में 40 डिसमिल प्लाट वाजिब दाम पर अतिशीघ्र बेचना है इच्छुक क्रेता ही सम्पर्क करें- 9131590153, 9691335602 **(37178)**

**बेचना है-** 3BHK नया फ्लैट सभी शासकीय अनुमति प्राप्त सर्वसुविधायुक्त परिसर में चकरभाठा मार्केट से लगा, हाईकोर्ट से वाकिंग डिस्टेंस, एयरपोर्ट से नजदीक बहुत वाजिब कीमत में बेचना है सम्पर्क- 9826130163 8770523386 **(37150)**

**बेचना है-**उस्लापुर साई नगर में 7500 वर्गफीट प्लाट व अल्का रेवेन्यु के बाजू में 6000 वर्गफीट प्लाट मौसाजी व्हाईट हाउस के पीछे 1500 वर्गफीट का मकान बेचना है संपर्क करें 9425535104 **(37149)**

**बेचना है-**बिलासपुर की सबसे बड़ी आवासीय कॉलोनी यदुनन्दन नगर तिफरा में 3BHK मकान बेचना है लाल ईट, सागौन दरवाजा, फाल सीलिंग सहित कीमत 35लाख 3 माह में पजेशन सम्पर्क करें- 9826314444 **(37153)**

**बेचना है-**वार्ड नं.-16 कुदुदण्ड पानी टंकी के सामने गली में 1 डिसमिल जमीन में बना 2 मंजिला मकान नीचे 1कमरा, किचन अटेच लेटबाथ, ऊपर 1 हाल लेटबाथ 24घंटे पानी सर्वसुविधायुक्त। सम्पर्क करें- 9753505350, 95222 48786 **(37159)**

## किराया

**किराया-** मध्यनगरी चौक शिशु भवन हॉस्पिटल के सामने वैष्णवी अपार्टमेंट बिलासपुर में किराए से देना है 1BHK बड़ा हाल दो बाथरूम छात्राओं छोटी फैमिली, नौकरी पेशा को प्राथमिकता सम्पर्क- 93295 85841, 8770880742 **(37172)**

**किराया-** 2BHK मकान किराए पर देना है पर्सनल बोर, किचन हॉल पोर्च, दो लेटबाथ पर्सनल स्वतंत्र मकान महामाया पार्क कॉलोनी मंगला चौक के पास हाउस नम्बर 18 सम्पर्क करें- 7999371005, 70476 60000 **(37175)**

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

Medicare Specialists — छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे। 18 से 75 वर्ष तक लाभदायक लिंग को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। ब्रेस्ट टोनर क्रिम लाभ नही तो पैसे वापिस। 09083218330

**किराया-** पुराना बस स्टैण्ड करबला रोड किड्स किंगडम स्कूल के सामने आरती किराना दुकान के बगल में 12×15 फुट का डबल शटर वाला दुकान किराये पर देना है। सम्पर्क करें- 9425512067 **(37181)**

## फाइनेन्स

**फाइनेन्स-** जनधन लोन आधारकार्ड से पर्सनल, बिजनेस, प्रॉपर्टी, लेबर कार्ड, इश्रम कार्ड, मार्कशीट, कृषि पर 100000/- से 500000/- तक 2% ब्याज, 50% छूट संपर्क 8527685698 **(3388)**

### सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

### हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल कामलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:-मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586




## आईपीएल : सबसे बड़ा स्कोर 287/3 भी एसआरएच के नाम दर्ज

# किशन का तूफान, हैदराबाद ने बनाया दूसरा सर्वोच्च स्कोर, राजस्थान को 44 रन से रौंदा


एजेंसी ▸▸ हैदराबाद

इशान किशन (47 गेंद में नाबाद 106) की तूफानी बल्लेबाजी से सनराइजर्स हैदराबाद ने रविवार को यहां राजस्थान रॉयल्स को 44 रौंदकर इंडियन प्रीमियर लीग में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। किशन ने रॉयल्स के कमजोर आक्रमण की धज्जियां उड़ाते हुए 45 गेंदों पर शानदार शतक पूरा किया। ट्रेविस हेड ने पारी की शुरुआत में 31 गेंदों पर 67 रन बनाकर रॉयल्स के गेंदबाजों के खिलाफ मनमुताबिक रन बटोरे।

हेड ने इस फ्रेंचाइजी के लिए पदार्पण कर रहे किशन के साथ दूसरे विकेट के लिए 39 गेंद में 85 रन की साझेदारी की। दोनों ने मिलकर 20 चौके और नौ छक्के लगाए जिससे एसआरएच ने छह विकेट पर 286 रन का स्कोर खड़ा किया। यह आईपीएल का दूसरा सर्वोच्च स्कोर है। आईपीएल का सबसे बड़ा स्कोर भी एसआरएच के नाम है। टीम ने पिछले साल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ तीन विकेट पर 287 रन बनाए थे।

### अनुभवहीन कप्तान की गलती

*रॉयल्स की टीम हालांकि कभी लक्ष्य का पीछा करने की स्थिति में नहीं दिखी लेकिन टीम खराब शुरुआत से उबरते हुए छह विकेट पर 242 रन बनाने में सफल रही। हैदराबाद की उमस भरी गर्मी में रॉयल्स के अनुभवहीन कप्तान रियान पराग ने आईपीएल की सबसे सपाट पिच पर पहले गेंदबाजी करने का फैसला करके बड़ी गलती की।*




### मुश्किलों भरा रहा पिछला साल

*पिछले कुछ सालों में मुंबई इंडियंस के मुख्य खिलाड़ियों में से एक किशन के लिए 2024 का साल मुश्किल रहा। इस लीग के लिए घरेलू क्रिकेट को नजरअंदाज करने के कारण उन्होंने अपना केंद्रीय अनुबंध गंवाना पड़ा और मुंबई की फ्रेंचाइजी ने भी उन्हें रिटेन नहीं किया। पटना के इस छोटे कद के खिलाड़ी ने नए जोश के साथ वापसी की है और नई फ्रेंचाइजी के लिए अपने पहले मैच में दमदार प्रदर्शन किया है। वह इस सपाट पिच पर और सात मैच खेल सकते हैं। वह इस तरह के प्रदर्शन से राष्ट्रीय टीम में वापसी के लिए अपना दावा मजबूत करना चाहेंगे।*

### शर्मनाक : आर्चर ने दिए 76 रन

हैदराबाद के बल्लेबाजों ने राजस्थान के गेंदबाजों की जमकर कुटाई की। राजस्थान के 3 गेंदबाजों ने 50 से ज्यादा रन खर्च किए। जोफ्रा आर्चर ने 4 ओवर में 19 की इकोनॉमी से 76 रन लुटा दिए। इसके साथ ही वह आईपीएल में सबसे ज्यादा रन लुटाने वाले गेंदबाज बन गए हैं।

### महंगे गेंदबाजी के आंकड़े

| विकेट/रन | खिलाड़ी | बनाम | वर्ष |
|---|---|---|---|
| 0/76 | जोफ्र आर्चर | राजस्थान | 2025 |
| 0/73 | मोहित शर्मा | दिल्ली | 2024 |
| 0/70 | बेसिल थम्पी | आरसीबी | 2018 |
| 0/69 | यश दयाल | कोलकाता | 2023 |
| 1/68 | रीस टॉपली | मुंबई | 2024 |
| 1/68 | ल्यूक वुड | दिल्ली | 2024 |

### चौथी बार 250+ पार

हैदराबाद टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा 250+ रन बनाने वाली टीम बनी। अब उनके नाम 4 स्कोर हो गए हैं। दूसरे नंबर पर इंग्लिश काउंटी टीम सरे हैं, जिसके नाम 3, 250+ स्कोर हैं। हैदराबाद ने राजस्थान के खिलाफ शुरूआती 6 ओवर में एक विकेट खोकर 94 रन बनाए। यह आईपीएल का ओवरऑल पांचवां हाईएस्ट पावरप्ले टोटल है। इस मामले में पहले नंबर पर भी हैदराबाद है। टीम ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 2024 में 125/0 रन बनाए थे।

### स्कोर बोर्ड

| एसआरएच | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक का जायसवाल बो तीक्षणा | 24 | 11 | 5 | 0 |
| ट्रैविस हेड का हेटमायर बो तुषार | 67 | 31 | 9 | 3 |
| इशान किशन नाबाद | 106 | 47 | 11 | 6 |
| रेड्डी का जायसवाल बो तीक्षणा | 30 | 15 | 4 | 1 |
| क्लासेन का रियान बो संदीप | 34 | 14 | 5 | 1 |
| अनिकेत शर्मा का आर्चर बो देशपांडे | 07 | 03 | 0 | 1 |
| मनोहर का रियान बो देशपांडे | 00 | 01 | 0 | 0 |
| पैट कमिंस नाबाद | 00 | 01 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 18, कुल : 20 ओवर में 286/6
**गेंदबाजी :** फारुकी 3-0-49-0, तीक्षणा 4-0-52-2, आर्चर 4-0-76-0, संदीप 4-0-21-1, नीतीश राणा 1-0-9-0, देशपांडे 4-0-44-3.

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का मनोहर बो सिमरजीत | 01 | 05 | 0 | 0 |
| सैमसन का क्लासेन बो हर्षल | 66 | 37 | 7 | 4 |
| पराग का कमिंस बो सिमरजीत | 04 | 02 | 1 | 0 |
| नीतीश राणा का कमिंस बो शमी | 11 | 08 | 2 | 0 |
| ध्रुव जुरेल का किशन बो जम्पा | 70 | 35 | 5 | 6 |
| हेटमायर का मनोहर बो हर्षल | 42 | 23 | 1 | 0 |
| शुभम दुबे नाबाद | 34 | 11 | 1 | 4 |
| जोफ्रा आर्चर नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 13, कुल : 20 ओवर में 242/6
**गेंदबाजी :** शमी 3-0-33-1, सिमरजीत 3-0-46-2, कमिंस 4-0-60-0, अभिषेक 2-0-17-0, जम्पा 4-0-48-1, हर्षल 4-0-34-2.

## सीएसके का जीत से आगाज लगातार 13वें बार अपना पहला मैच हारी मुंबई



**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग मैच में मुंबई इंडियंस को चार विकेट से शिकस्त दी। मुंबई की टीम लगातार 13वें सीजन में अपना पहला मैच हारी है। टीम को आखिरी बार 2012 में राजस्थान के खिलाफ जीत मिली थी। सीएसके ने टॉस जीतकर नूर अहमद के शानदार प्रदर्शन से मुंबई इंडियंस को 20 ओवर में नौ विकेट पर 155 पर रोक दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएसके ने छह विकेट के नुकसान पर 158 रन बनाकर मैच जीत लिया। रचिन रविंद्र ने 65 रन बनाए। उन्होंने छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई। पारी का आगाज करने के बजाय तीसरे नंबर पर उतरे ऋतुराज गायकवाड़ ने 26 गेंद की पारी के 53 रन ठोके। इन दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 37 गेंद में 67 रन की साझेदारी निभाई। सीएसके लिए नूर अहमद के अलावा खलील अहमद ने 29 रन देकर तीन विकेट झटके।

■ नूर अहमद चार विकेट लेकर बने प्लेयर ऑफ द मैच

### रोहित 18वें बार 0 पर आउट

मुंबई के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा आईपीएल में दूसरे सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले प्लेयर बन गए हैं। रोहित ने लीग के इतिहास का 258वां मुकाबला खेला। सबसे ज्यादा मैच खेलने का रिकॉर्ड महेंद्र सिंह धोनी (265) के नाम है। रोहित ने मैच में एक शर्मनाक रिकॉर्ड बनाते हुए सबसे ज्यादा 18 बार डक पर आउट होने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।

## खबर संक्षेप

### गुजरात खिलाड़ियों को काफी आजादी देता है

**नई दिल्ली।** कागिसो रबाडा दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के लिए खेल चुके हैं लेकिन अपनी नयी फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटन्स में घर जैसा महसूस करते हैं क्योंकि मुख्य कोच आशीष नेहरा से पहले ही काफी लगाव हो गया है। रबाडा को गुजरात टाइटन्स ने 10.75 करोड़ रुपए में खरीदा और वह मोहम्मद सिराज के साथ नयी गेंद साझा करेंगे। रबाडा ने कहा, 'हां, यह बहुत आरामदायक रहा है। खिलाड़ियों को बहुत स्वतंत्रता दी गई है, लेकिन फिर भी एक व्यवस्था है। यहां जिस तरह से सब कुछ चल रहा है, उससे वास्तव में खुश हूं।'



### आरसीबी में क्रुणाल शानदार पसंदः हेडन

**कोलकाता।** ऑस्ट्रेलिया के अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज मैथ्यू हेडन का मानना है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की इस साल आईपीएल के लिए चुनी गई टीम में कुछ खास है। उन्होंने भारतीय ऑलराउंडर क्रुणाल पंड्या के चयन को शानदार पसंद करार दिया। आरसीबी ने आईपीएल के वर्तमान सत्र के अपने पहले मैच में शनिवार को कोलकाता नाइट राइडर्स को सात विकेट से हराकर अपने अभियान का शानदार आगाज किया। क्रुणाल पंड्या ने चार ओवर में 29 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि फिल साल्ट, विराट कोहली और कप्तान रजत पाटीदार ने उपयोगी पारियां खेली।



### गुवाहाटी पहले टेस्ट की मेजबानी के लिए तैयार

**गुवाहाटी।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड के महासचिव देवजीत सैकिया ने रविवार को कहा कि भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच इस साल नवंबर में होने वाली टेस्ट श्रृंखला के दौरान गुवाहाटी पहली बार टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा। उन्होंने इसके साथ ही बताया कि गुवाहाटी इस साल के आखिर में आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप के दौरान अपने पहले विश्व कप मैच की भी मेजबानी करेगा।



## प्रियंका ने स्लोवाकिया में 35 किमी स्पर्धा में बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता पैदल चाल की एथलीट प्रियंका गोस्वामी ने स्लोवाकिया के डुडिंस में डुडिंस्का 50 प्रतियोगिता के दौरान महिलाओं की 35 किमी स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।

प्रियंका ने शनिवार को आयोजित की गई इस गोल्ड लेवल की प्रतियोगिता में दो घंटे 56 मिनट 34 सेकंड (2:56:34) का समय निकाला और 11वें स्थान पर रहीं। उनका पिछला व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 3:13:19 था। दो बार की



ओलंपियन प्रियंका ने 2023 में रांची में नेशनल ओपन पैदल चाल चैंपियनशिप में मंजू रानी द्वारा बनाए गए 2:57:54 के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ा। प्रियंका ने 2022 में बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में 10000 मीटर पैदल चाल में रजत पदक जीता था। इक्वाडोर की पाउला मिलेना टोरेस ने 2:44:26 के समय के साथ महिलाओं की 35 किमी पैदल चाल स्पर्धा जीती। पेरू की किम्बर्ली गार्सिया (2:45:59) और पोलैंड की कटारजीना जडजीब्लो (2:46:59) ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। इस बीच राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक आकाशदीप सिंह पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल में 1:24:13 के समय के साथ छठे स्थान पर रहे।

### पहली हार से घबराने की जरूरत नहीं : रहाणे

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने आईपीएल के शुरुआती मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से मिली सात विकेट की करारी हार के बाद कहा कि अभी किसी भी तरह से घबराने की जरूरत नहीं है। मौजूदा चैंपियन कोलकाता की टीम ने बल्लेबाजी में अच्छी शुरुआत की थी लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाई और आठ विकेट पर 174 रन ही बना सकी। आरसीबी ने 22 गेंद शेष रहते हुए लक्ष्य हासिल कर दिया। चोट से उबर कर वापसी करने वाले आरसीबी के तेज गेंदबाज जोश हेज़लवुड ने चार ओवर में 22 रन देकर दो विकेट लिए और अपनी टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



## एमसीए ने मासिक पेंशन में 50 फीसदी बढ़ोतरी को दी मंजूरी

एजेंसी ▸▸ मुंबई

मुंबई क्रिकेट संघ ने रविवार को पूर्व क्रिकेटरों और अंपायरों की मासिक पेंशन में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी को मंजूरी दी। इसकी घोषणा रविवार को एमसीए अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने की। एमसीए ने यह निर्णय अपनी शीर्ष परिषद की बैठक में लिया।

इस बैठक में संघ से संबद्ध क्लबों के प्रतिनिधियों के लिए चिकित्सा कवर प्रदान करने का भी निर्णय लिया गया। एमसीए वर्तमान में देश में पूर्व क्रिकेटरों को पेंशन देने



वाला एकमात्र घरेलू क्रिकेट संघ है। उसके इस नए कदम से उन खिलाड़ियों को 30,000 रुपए प्रति माह मिलेंगे जो 70 वर्ष से अधिक आयु के हैं। खिलाड़ियों की मृत्यु की स्थिति में उनके जीवनसाथी को यह राशि मिलेगी। पहले यह रकम 20,000 रुपए थी।

जो पूर्व रणजी खिलाड़ी 70 वर्ष से कम उम्र के हैं उन्हें 10,000 रुपए प्रति माह के बजाय अब 15,000 रुपए प्रति माह मिलेंगे। मेडिक्लेम सुविधा के तहत संबद्ध क्लबों के अधिकृत प्रतिनिधियों को 10,00,000 रुपए तक की मदद मिलेगी।

विश्व कप क्वालीफाइंग

## हॉलैंड ने 40वें मैच में दागा 39वां गोल, नॉर्वे की 5-0 से बड़ी जीत



एजेंसी ▸▸ लंदन

स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हॉलैंड की अगुवाई में नॉर्वे ने शानदार खेल का नजारा पेश करते हुए अगले साल होने वाले फुटबॉल विश्व कप के यूरोपीय क्वालीफाइंग के अपने पहले मैच में मोल्दोवा को 5-0 से करारी शिकस्त देकर अपने अभियान की सकारात्मक शुरुआत की। नॉर्वे ने तीसरी और आखिरी बार 1998 में विश्व कप फुटबॉल में जगह बनाई थी। हॉलैंड का जन्म इसके दो साल बाद हुआ था।

इस बार हालांकि नॉर्वे को विश्व कप में जगह बनाने का प्रबल दावेदार माना जा रहा है जो 2026 में अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा। नॉर्वे का ग्रुप आई से शीर्ष पर रहना तय माना जा रहा है जिसके एक अन्य मैच में इज़राइल ने एस्टोनिया को 2-1 से हराया। हॉलैंड ने मोल्दोवा के खिलाफ नॉर्वे की तरफ से दूसरा गोल किया जो 2019 में पदार्पण करने के बाद अपनी राष्ट्रीय टीम की तरफ से 40 मैच में उनका 39वां गोल था। डॉर्टमुंड के डिफेंडर जूलियन रायर्सन ने खेल शुरू होने के पांच मिनट बाद नॉर्वे के लिए स्कोरिंग की शुरुआत की। हॉलैंड ने 23वें मिनट में बढ़त दोगुनी कर दी। इसके बाद थेलो असगार्ड, अलेक्जेंडर सोरलोथ और स्थानापन्न एरोन डोनम ने भी गोल किए।

### वेल्स ने कजाकिस्तान को हराया

यूरोपीय क्वालीफाइंग के अन्य मैचों में वेल्स ने कजाकिस्तान को 3-1 से हराया। इसके अलावा ग्रुप जे में नॉर्थ मैसेडोनिया ने लिचेटेंस्टीन पर 3-0 से जीत हासिल की। चेक गणराज्य ने पैट्रिक स्किच के दो गोल की मदद से ग्रुप एल में फरो आइलैंड्स पर 2-1 से जबकि मोंटेनेग्रो ने जिब्राल्टर पर 3-1 से जीत हासिल की।

## न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 115 रन से हराया, टी20 श्रृंखला पर किया कब्जा

एजेंसी ▸▸ माउंट मोनगानुई

तेज गेंदबाज जैकब डफी और जकारी फाउलकेस ने मिलकर सात विकेट चटकाए जिससे न्यूजीलैंड ने रविवार को पाकिस्तान को 105 रन पर आउट कर चौथा टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच 115 रन से जीत कर पांच मैचों की श्रृंखला को अपने नाम कर लिया।

श्रृंखला का पांचवां मैच बुधवार को खेला जाएगा। न्यूजीलैंड के पास 3-1 की अजेय बढ़त है। डफी ने 20 रन देकर चार और फाउलकेस ने 25 रन देकर तीन विकेट चटकाए जिससे न्यूजीलैंड ने बे ओवल में तेज गेंदबाजों की अनुकूल परिस्थितियों में



अच्छा प्रदर्शन किया और पाकिस्तान को 16.2 ओवर में आउट कर दिया। पाकिस्तान ने जीत के लिए 221 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 56 रन पर आठ विकेट गंवा दिए थे और टीम इस प्रारूप में अपने न्यूनतम स्कोर (74) से कम पर आउट होने के कगार पर थी। अब्दुल समद ने हालांकि 44 रन की पारी खेल टीम को 100 रन के आंकड़े के पार पहुंचाया। इससे पहले फिन एलन ने 20 गेंदों पर अर्धशतकीय पारी खेल टीम को आक्रामक शुरुआत दिलाई जिससे न्यूजीलैंड छह विकेट पर 220 रन बनाने में सफल रहा। एलन ने टिम सीफर्ट (44) के साथ पहले विकेट के लिए 4.1 गेंद में 59 रन की साझेदारी की। कप्तान माइकल ब्रेसवेल ने नाबाद 46 रन बनाए।

### जैस्मीन ने एक और शानदार जीत से क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

**ग्रेटर नोएडा।** राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता जैस्मीन लम्बोरिया ने यहां आठवीं एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को चंडीगढ़ की रुचिका पर दूसरे दौर में शानदार जीत से क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। मौजूदा राष्ट्रीय लाइटवेट चैंपियन ने अपने प्रतिद्वंद्वी पर आरएससी (रेफरी द्वारा मुकाबला रोकना) में शानदार जीत हासिल की। जैस्मीन ने 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में लाइटवेट कांस्य पदक जीता था, वह पेरिस ओलंपिक के लिए फेदरवेट वर्ग में खेली थीं। दिन के अन्य मुकाबलों में रेलवे की युवा विश्व और राष्ट्रीय चैंपियन सनमाचा चानू ने मणिपुर की बिंदिया देवी माओरेम पर सर्वसम्मति से जीत के दौरान पूरा नियंत्रण बनाए रखा। 24 राज्य इकाइयों के 180 मुक्केबाज इस सप्ताह भर चलने वाले टूर्नामेंट में 10 भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं जिसमें 'वर्ल्ड बॉक्सिंग' के तकनीकी और प्रतियोगिता नियमों का पालन किया जा रहा है जिसमें एक मिनट के आराम अंतराल के साथ तीन मिनट के तीन राउंड शामिल हैं।

## पैरालंपियन शीतल ने जीता तीरंदाजी का स्वर्ण पदक



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर की बिना हाथ की तीरंदाज और पैरालंपिक पदक विजेता शीतल देवी ने रविवार को यहां खेलो इंडिया पैरा खेलों के बहुप्रतीक्षित मुकाबले में ओडिशा की दिव्यांग (बिना हाथ, बिना पैर) पायल नाग को हराकर स्वर्ण पदक जीता। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में दोनों युवाओं के बीच मुकाबले में गत विजेता शीतल ने वापसी करते हुए खेलों का अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता।

18 वर्षीय शीतल ने कंपाउंडडनरी ओपन फाइनल मैच में 17 वर्षीय पायल के खिलाफ 109-103 से जीत दर्ज की। पायल के दोनों हाथ और दोनों पैर नहीं हैं। वह बचपन में बिजली का झटका लगने के कारण अपने हाथ-पैर खो बैठी थीं और वह कृत्रिम पैरों से निशाना लगाती हैं। राकेश कुमार (40 वर्ष) और ज्योति बालियान (30 वर्ष) ने भी अपने-अपने मुकाबलों में स्वर्ण पदक जीते। झारखंड के विजय सुंडी ने हरियाणा के विकास भाकर को पुरुष रिकर्व ओपन स्वर्ण पदक मैच में 6-4 से हराया जबकि हरियाणा की पूजा ने महाराष्ट्र की राजश्री राठौड़ को 6-4 से हराकर महिला रिकर्व ओपन स्वर्ण पदक जीता।



## खबर संक्षेप

### बस और टैक्सी की टक्कर चार की मौत, 17 घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में श्रीनगर-सोनमर्ग मार्ग पर रविवार को एक बस और टैक्सी की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई तथा 17 अन्य घायल हो गए। हादसा गुंड इलाके में हुआ और दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारियों ने बताया कि घायलों का इलाज जारी है। मृतकों की पहचान लेशिया आशीष, निक्की आशीष और हेतल आशीष के रूप में हुई है। ये सभी महाराष्ट्र के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि स्थानीय चालक फहीम अहमद की भी इस दुर्घटना में मौत हो गई। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने दुर्घटना में हुई मौतों पर दुख व्यक्त किया है।

### ग्रामीणों के हमले में पांच वन रक्षक घायल



**मेदिनीनगर।** झारखंड के पलामू जिले में 'अवैध रूप से खनन किये गये पत्थरों' को जब्त करने गए वन रक्षकों पर ग्रामीणों के एक समूह ने कथित तौर पर हमला कर दिया, जिसमें पांच वन रक्षक घायल हो गए। यह घटना छतरपुर थानाक्षेत्र के बांसडीह जंगल में हुई। यादव ने बताया कि वन विभाग को सूचना मिली थी कि बांसडीह जंगल में अवैध रूप से पत्थरों का खनन कर भंडारण किया जा रहा है। 16 वनरक्षकों की एक टीम शनिवार देर रात घटनास्थल पर पहुंची जहां उसे पत्थरों से भरे दो ट्रैक्टर मिले। इन वन रक्षकों में से एक आशुतोष तिवारी ने कहा, जैसे ही हमने वाहनों को जब्त किया, महिलाओं और बच्चों समेत ग्रामीण वहां एकत्र हो गए और उन्होंने हम पर हमला कर दिया जिसके बाद एसडीपीओ और अन्य अधिकारियों ने हमें बचाया।'' तिवारी उन वनरक्षकों में शामिल हैं जो ग्रामीणों के इस हमले में घायल हो गये।

# एक दिन में 400 बार आकाशीय बिजली गिरी, बाढ़ से हालात बेकाबू

एजेंसी ▶▶| लंदन

यूके के दक्षिणी इंग्लैंड और ईस्ट मिडलैंड्स में मौसम ने तांडव मचाया। अचानक हुई भारी बारिश, ओले और गड़गड़ाहट से कई क्षेत्रों में बाढ़ आ गई। करीब 400 आकाशीय बिजली की स्ट्राइक्स ने हड़कंप मचा दिया। मौसम विभाग ने बताया कि बारिश 20 मिनट से लेकर एक घंटे तक जारी रही। मौसम विभाग ने भविष्यवाणी की है कि बढ़ते जलवायु परिवर्तन के कारण ऐसे घटनाओं की संभावना अब और बढ़ सकती है। ब्रिटेन के मौसम विभाग ने बताया कि कुछ हिस्सों में बाढ़ भी आई, जबकि नेशनल हाईवे ने बताया कि शनिवार को यॉर्कशायर में एम-18 के कुछ हिस्से बंद कर दिए गए थे।



### लंदन और बकिंघमशायर में गरज, हल्के तूफान

रविवार को वार्विक के पास एम-40 के कुछ हिस्सों को भी बंद रखा गया था। मौसम विज्ञानी एली ग्लेजियर ने बताया, लंदन और बकिंघमशायर के कुछ इलाकों में गरज के साथ हल्के तूफान आए थे, जबकि और अधिक तूफान पूर्वी मिडलैंड्स से लेकर दक्षिणी लिंकनशायर तक फैल गए थे।

### 20 मिनट से लेकर एक घंटे तक बारिश

बारिश का स्तर अधिकतर 10 से 15 मिलीमीटर के बीच था। यह बारिश 20 मिनट से लेकर एक घंटे तक जारी रही। मौसम विभाग ने बताया कि शनिवार को लगभग 300 से 400 बिजली की आकाशीय स्ट्राइक्स ने पूरे दिन के दौरान यूके को प्रभावित किया। यह घटना तब हुई जब यूके ने 1972 के बाद से अब तक का सबसे गर्म दिन देखा था, उस वक्त देश के कुछ हिस्सों में तापमान 21 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था।

### सतह आधारित संकुचन बनी वजह



मौसम विज्ञानी एली ग्लेजियर ने कहा, यह सब सतह आधारित संकुचन के कारण हुआ, जिसमें सूरज ने इतनी ताकत लगाई कि यह जमीन को गर्म कर सके, जिससे हवा ऊपर उठने में मदद मिली और इसके बाद तूफान बने। हालांकि, मार्च में 18 डिग्री सेल्सियस के तापमान का होना अब असामान्य नहीं है, ग्लेजियर ने बताया कि बढ़ते जलवायु परिवर्तन के कारण अब ऐसा होना सामान्य है। पर्यावरण एजेंसी ने यूके के 22 हिस्सों के लिए बाढ़ की चेतावनियां जारी की हैं, जिनमें नॉर्थ हैम्पशायर, सालिसबरी और हर्टफोर्डशायर शामिल हैं।

## हादसा : शंकरगढ़ क्षेत्र के चिरई घाट में हुई घटना

# पिकअप-बाइक में भिड़ंत, शादी के लिए लड़की देखकर लौट रहे तीन की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलरामपुर

बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह पिकअप और बाइक के बीच हुई जोरदार भिड़ंत में बाइक सवार तीन लोगों की मौत हो गई। मृतक शादी के लिए लकड़ी देखकर वापस लौट रहे थे। इस दौरान तेज तेज रफ्तार पिकअप के चालक ने टक्कर मार दी।

इस घटना के बाद बाद मृतकों के परिजन सदमे में है। इसके साथ ही क्षेत्र में शोक का माहौल निर्मित हो गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है इसके साथ ही घटना की जांच की जा रही है।

बताया जा रहा है ग्राम जगिमा पटना निवासी 23 वर्षीय खेलसाय आ. सोहराई राम अपने लिए लड़की देखने के लिए जगिमा निवासी 65 वर्षीय भंडारी आ. बोलो व गणेश मोड़ चौकी अंतर्गत ग्राम कोटपाली निवासी 30 वर्षीय फूलसाय आ. रामचरण के साथ 22 मार्च को सबाग गया हुआ था। सबाग में लड़की देखने के बाद तीनों बाइक क्रमांक सीजी 15 ईई 6410 से वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान जैसे ही वे कुसमी-शंकरगढ़ मार्ग पर चिरई घाट के समीप पहुंचे सामने से आ रहे तेज रफ्तार पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 15 डीएम 9308 के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवारों को टक्कर मार दी। टक्कर में टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे इसके साथ ही उनकी बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

### क्षेत्र में शोक का माहौल

इस घटना में बाइक सवार तीनों ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए और सिर पर गहरी चोट लगने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान रास्ते से गुजर रहे लोगों ने घटना की सूचना शंकरगढ़ पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शवों को मर्च्युरी में रखवाने के साथ ही मृतकों की पहचान हेतु प्रयास किए जा रहे थे। घंटों मशक्कत के बाद मृतकों की शिनाख्त हो पाई। पुलिस द्वारा घटना की सूचना परिजन को दी गई। घटना के बाद परिजन का रो रोकर बुरा हाल है इसके साथ ही एक साथ तीन मौतों से क्षेत्र में शोक का माहौल है।



### इनकी हो गई मौत

ग्राम जगिमा पटना निवासी 23 वर्षीय खेलसाय पिता सोहराई राम, जगिमा निवासी 65 वर्षीय भंडारी पिता बोलो और गणेश मोड़ चौकी अंतर्गत ग्राम कोटपाली निवासी 30 वर्षीय फूलसाय पिता रामचरण की मौत हो गई।

### आरोपी पिकअप चालक फरार

इस संबंध में थाना प्रभारी जितेन्द्र सोनी ने बताया कि पिकअप और बाइक के बीच टक्कर में तीन लोगों की मौत हुई है। मृतकों की शिनाख्त हो गई है। शवों को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द किया जाएगा। घटना के बाद पिकअप चालक फरार हो गया था, जिसकी तलाश की जा रही है। मामले में अपराध दर्ज कर जांच उपरान्त कार्रवाई की जाएगी।

# प्रेम प्रसंग में सिपाही ने ली दो दोस्तों की जान

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के काकोरी इलाके में एक दिल दहला देने वाला दोहरा हत्याकांड सामने आया है। यहां दो लोगों की चाकू से बेरहमी से हत्या कर दी गई है। इस वारदात की वजह प्रेम प्रसंग बताया जा रहा है। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज करने के बाद आरोपी सिपाही और उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले की जांच की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, मुख्य आरोपी की पहचान महेंद्र कुमार के रूप में की गई है। वो उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही है। इस वक्त लखीमपुर जिले में तैनात है। साल 2018 में उसकी शादी दीपिका नामक लड़की हुई थी। उसकी पत्नी का पहले से मनोज नामक शख्स से प्रेम प्रसंग चल रहा था। शादी के बाद भी मनोज और दीपिका का रिश्ता चल रहा है। दोनों के बीच बातचीत होती थी।

- **दोहरे हत्याकांड से दहला लखनऊ, पत्नी सहित गिरफ्तार**

सिपाही महेंद्र कुमार को अपनी पत्नी के प्रेम संबंध के बारे में पता चला तो आगबबूला हो गया। काफी विवाद के बाद उसने अपनी पत्नी को प्रेमी के पास चले जाने को कह दिया।लेकिन दीपिका ने उसे छोड़ने से इंकार कर दिया। इसके बाद महेंद्र से उसे अपने प्रेमी को बुलाने के लिए कह दिया। दीपिका की कॉल के बाद मनोज अपने एक दोस्त के साथ उससे मिलने के लिए पहुंचा।



### शव सड़क पर रखकर प्रदर्शन

क्राइम सीन पर दोनों युवक खून से लथपथ पड़े हुए थे। उनमें एक का गला कटा हुआ था, जबकि दूसरे की कलाई कटी हुई थी। मृतक परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। दोनों के शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने लोगों को समझाकर शांत कराया। इसके बाद दोनों युवकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।








Toll Free Number: 1800 266 0018

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ##Ex-showroom price of Xtreme 125R IBS Variant in Chhattisgarh. #Based on the data available in the public forum for products in 125cc Motorcycle segment. **The discount is applicable on minimum transaction of Rs. 1,00,000, subject to the credit card company's T&Cs. T&C apply.

BANKING PARTNER HDFC BANK BOBCARD RBL BANK apno ka bank

pine labs PAY LATER
UPTO ₹9,500 INSTANT DISCOUNT ON CREDIT CARD EMI**

अधिकृत डीलरः बिलासपुरः सत्या हीरो 9289922464, गैलेक्सी हीरो, 9289922706, अंबिकापुरः आनंद हीरो, 9289922359, सरगुजा हीरो, 9289923110, कोरबाः शांति हीरो, 9289922813, छत्तीसगढ़ हीरो, 9289923057, रायगढ़ः गोयल हीरो, 9289922373, आदित्य हीरो, 9289923091, जांजगीरः आनंद हीरो, 9289922772, बैकुंठपुरः आर.के. हीरो, 9289922812, जशपुरः आकाश हीरो, 9289922909, एसोशिएट डीलरः खड़गांवः बंसल ऑटो एजेंसी, 7000103415, चौराः ओम ऑटो एजेंसी, 7000316070, सरियाः अग्रवाल ऑटो सेण्टर, 9993121909, गौरेलाः श्री माँ नर्मदा मोटर्स, 7587796622/7587796611, सनावलः सोनी ऑटोमोबाइल्स, 9479235816, रतनपुरः माँ महामाया मोटर्स, 9754240437/8839972027, बलोदाः श्री कमला ऑटो, 9926515216, मरवाहीः राहुल ऑटोमोबाइल्स, 8889467369/8719087320, मुगेलीः महावीर, 9993855199, मनेन्द्रगढ़ः विवेक ट्रेडर्स, 6261178785, कटघोराः श्री शारदा एंटरप्राइज, 9809809925, शिवरीनारायणः सुल्तानिया ऑटो केयर, 9407600319, सक्तीः गोयल ऑटो, 9303571001/7000490324, खरसियाः विजय ऑटो एजेंसी, 9993093829, सीतापुरः श्रीराम हीरो, 7000043001, पत्थलगांवः ज्योति ऑटो, 9406399000, सारंगढ़ः गोपाल ऑटो सेंटर, 9827893203, सूरजपुरः आशा ऑटोमोबाईल्स, 9826440096, अकलतराः श्री ऑटो, 9424174274, कोटाः उर्मिला मोटर्स, 9340252857, श्री पुष्कर मोटर्स, 6268000180/8718888789, रामानुजगंजः प्रीति ऑटोमोबाईल्स, 8827674000, बाराद्वारः दुर्गा ऑटो एजेंसी, 8319982160, उदयपुरः बंसत ऑटोमोबाईल्स, 9406022927, तपकराः प्रीति ऑटोमोबाईल्स, 7354334545/7999851514, प्रतापपुरः तायल ऑटोमोबाईल्स, 9617218005, पटनाः आयुश ऑटोमोबाईल्स, 8839141926, पालीः आनंद ऑटोमोबाईल्स, 7089519999, राजपुरः महामाया एजेंसी, 9516209272/9340726288, महापालीः साहू ऑटोमोबाईल्स, 7746028455, मदनपुरः ओम ऑटो एजेंसी, 7000316070, सीपतः मेसर्स गणेश मोटर्स, 9993194005, ऐडिशनल वर्कशॉपः अम्बिकापुरः आनंद ऑटोमोबाईल्स, देवीगंज, 7771008601/9289922359, जेन्युइन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्टः ओरियन ऑटोव्हील्स, 07752-252088, अधिकृत सिटी वर्कस्: उरगाः बालाजी सर्विस स्टेशन, 279600, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः बिलासपुर (सकरी): सत्या सर्विसेज़, 9111107951, गैलेक्सी हीरो (जगमल चौक) 8085152612, चम्पाः आनंद हीरो, 7909901444, कोरबाः शांति हीरो, 7440299000, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) बिलासपुरः सत्या हीरो, 9289922464, खड़गांवः बंसल ऑटो एजेंसी, 7000103415.

FCB INTERFACE/6913/MARCH25/ENG


हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com